TNF TODAY

# टीएनएफ टुडे

थॉट्स न्यूज फैक्ट्स टुडे

tnftoday    tnftoday

www.tnftoday.com / epaper | Trial Edition | तय समयसीमा में हो शिकायतों का निस्तारणः डीएम (पेज-3) | पृष्ठ- 08 | वर्ष-01 अंक-9 | मूल्य ₹7 | मंगलवार | दिनांक- 7.07.2026

# भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव बनाए जा सकते हैं श्रीकांत शर्मा

## राष्ट्रीय सचिव, प्रवक्ता और केंद्रीय मीडिया प्रभारी रह चुके हैं, वर्तमान में हिमाचल प्रदेश प्रभारी

- **अभी दो केंद्रीय महासचिव पूर्वी उप्र से, इस बार पश्चिमी को मिल सकता है मौका**
- **आगामी केंद्रीय दल में ब्रज के अन्य किसी जिले की सहभागिता की संभावना बहुत कम**





राजेश मिश्रा

**आगरा।** युवा हैं, ऊर्जावान हैं। ओजस्वी वक्ता हैं। संगठन का लंबा अनुभव है। केंद्रीय दल में महत्वपूर्ण और उल्लेखनीय भूमिका निभा चुके हैं। सक्रिय राजनीति के क्षेत्र में मथुरा सदर से लगातार दूसरी बार के विधायक हैं। पहले ही दौर में प्रदेश सरकार में ऊर्जा मंत्री के रूप में अच्छा प्रदर्शन किया। वर्तमान में वे हिमाचल प्रदेश भाजपा के प्रभारी हैं। मथुरा-वृंदावन सीट से विधायक श्रीकांत शर्मा की यही उपलब्धि भाजपा के आगामी केंद्रीय दल में महत्वपूर्ण पद की हकदार बनाती है।चर्चा है कि उन्हें केंद्रीय महासचिव बनाया जा सकता है। राजनीतिक जानकार इस दावे के पीछे तर्क और आधार भी बताते हैं।

प्रांतीय कार्यकारिणी के गठन के बाद अब भाजपा के केंद्रीय दल का गठन होना है। अध्यक्ष नितिन नवीन की टीम में इस बार नए और ऊर्जावान चेहरों के साथ ही जातीय, क्षेत्रीय संतुलन का भी ध्यान रखना तय माना जा रहा है। मौजूदा दल में दो राष्ट्रीय महासचिव यूपी के हैं। अरुण सिंह और राधामोहन अग्रवाल। ये दोनों ही पूर्वी उत्तर प्रदेश से आते हैं। मुख्यमंत्री और दोनों उपमुख्यमंत्री भी पूर्वी उत्तर प्रदेश से हैं। प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी भी पूर्वी उत्तर प्रदेश से हैं। हाल में ही घोषित क्षेत्रीय अध्यक्ष पूरन सिंह लोधी भी पूर्वी यूपी से हैं। हां, मांट विधायक राजेश चौधरी को महामंत्री बनाकर ब्रज को तवज्जो जरूर दी गई है।

केंद्रीय संगठन में श्रीकांत शर्मा की लंबी सक्रियता रही है। राजनाथ सिंह, नितिन गडकरी सहित तीन अध्यक्षों के कार्यकाल में वे राष्ट्रीय सचिव के साथ-साथ राष्ट्रीय प्रवक्ता, मीडिया प्रभारी का दायित्व संभाल चुके हैं। वर्तमान में हिमाचल प्रदेश के प्रभारी हैं। सामान्य परिवार से ताल्लुक रखने वाले श्रीकांत शर्मा वर्ष 2017 और फिर वर्ष 2022 के चुनाव में मथुरा सदर सीट से विधायक चुने गए। योगी सरकार प्रथम के कार्यकाल में ऊर्जा मंत्री का प्रभार संभाला। श्रीकांत के समर्थकों की चाहत है कि इस बार भाजपा के केंद्रीय दल में श्रीकांत शर्मा को महत्वपूर्ण दायित्व मिले जबकि और राजनीतिक विशेषज्ञों का मानना है कि महासचिव जैसा दायित्व उन्हें मिलना ही चाहिए। उनका कद कहता है कि वे इसके हकदार भी हैं।

पार्टी सूत्र बताते हैं कि केंद्रीय दल के लिए श्रीकांत शर्मा को जिम्मेदारी जरूर मिलेगी। और, अच्छी ही मिलेगी। कुछ सूत्र तो दावा करते हैं कि ये दायित्व उम्मीद से भी अच्छा हो सकता है। संभावित केंद्रीय दल में ब्रज क्षेत्र के अन्य जिलों से कोई अन्य नाम चर्चा में नहीं बताया जा रहा है।

### इसलिए क्षेत्रीय अध्यक्ष का पद मिला लोधी को

भाजपा के क्षेत्रीय अध्यक्ष पद को लेकर आगरा के साथ ही मथुरा से भी एक नाम की व्यापक चर्चा रही। आगरा के तो एक पूर्व पदाधिकारी और उनके समर्थक बहुत आशावान थे। संगठन के लोगों में भी उनकी ताजपोशी तय मानी जा रही थी। लेकिन, भाजपा नेतृत्व की निगाहें कहीं और थीं। इस पद के लिए जातीय समीकरण को प्राथमिकता दी गई। कुर्मी और लोधी समाज भाजपा का वोट बैंक माना जाता है। पूर्व मुख्यमंत्री कल्याण सिंह के जमाने से ही लोधी समाज भाजपा का समर्थक रहा है। एटा, अलीगढ़, बेल्ट सहित प्रदेश भर में लोधी समाज की व्यापकता है और भाजपा इस वर्ग को अपनाए रखने के लिए कुछ भी कर सकती है। इसलिए, तमाम दावेदारों को नजरअंदाज कर बरेली के पूरन सिंह लोधी को ब्रज क्षेत्रीय अध्यक्ष पद पर आसीन किया।

# जकार्ता में पीएम मोदी का भव्य स्वागत, सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने जीता दिल



एजेंसी, जकार्ता।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सोमवार को इंडोनेशिया के जकार्ता में भारतीय समुदाय के लोगों ने बहुत गर्मजोशी से स्वागत किया। होटल में भारतीय समुदाय के लोग 'मोदी मोदी' के नारे लगाते हुए उत्साह से प्रधानमंत्री का स्वागत करने पहुंचे। पीएम मोदी ने भी लोगों से मुलाकात की और उनका अभिवादन स्वीकार किया।

उन्होंने रामायण की कहानी पर आधारित पारंपरिक शैडो पपेट्री भी देखी, जिसमें भारत की प्राचीन संस्कृति की झलक दिखी। भारतीय समुदाय के स्वागत और कलाकारों की शानदार प्रस्तुति देख पीएम मोदी बहुत खुश हुए और उन्होंने कलाकारों की सराहना की।

उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर लिखा, "जकार्ता में, मुझे सामन्वय ग्रुप की ओर से प्रस्तुत एक सुंदर भरतनाट्यम नृत्य प्रदर्शन देखने का मौका मिला। यह देखकर बहुत खुशी हुई कि हमारी ये पारंपरिक कलाएं इतनी लगन और बेहतरीन तरीके से आज भी संभाली और प्रस्तुत की जा रही हैं।"

एक अन्य पोस्ट में पीएम ने कहा, "विहार धर्म रत्न ग्रुप के कलाकारों की ओर से किया गया 'होमेज टू द ट्रिपल जेम' नाम का प्रदर्शन बहुत ही शानदार था। इसमें भगवान बुद्ध की कालातीत शिक्षाओं और ट्रिपल जेम के गहरे मूल्यों को बहुत अच्छे तरीके से दिखाया गया। यह देखकर अच्छा लगता है कि इंडोनेशिया के लोग अपनी समृद्ध बौद्ध विरासत को इतने उत्साह और समर्पण के साथ संभाल रहे हैं और आगे बढ़ा रहे हैं।"

### 'इस्तीफा नहीं, कड़ी सजा मिले': राम मंदिर ट्रस्ट के फैसले पर विपक्ष का हमला

**अयोध्या।** अयोध्या के राम मंदिर चंदा विवाद में सोमवार को जहां ट्रस्ट की ओर से बैठक की गई। वहीं, राम मंदिर ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष गोविंद देव गिरि ने मीडिया के सामने आकर बताया कि चंपत राय का इस्तीफा मंजूर कर लिया गया है। इसके साथ ही अनिल मिश्रा का इस्तीफा भी मंजूर किया गया है। ट्रस्ट की ओर से इस्तीफा मंजूर किए जाने के बाद विपक्ष ने सवाल खड़े कर दिए। विपक्षी नेताओं ने कहा कि इस्तीफा स्वीकार कर बचाने की कोशिश हो रही है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पवन खेड़ा ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, 'चंपत राय और अनिल मिश्रा के इस्तीफे मंजूर करके राम मंदिर ट्रस्ट ने पूरी तरह यह स्वीकार कर लिया है कि पिछले एक महीने से देश को हिला देने वाली 'चंदा चोरी' की रिपोर्टें वाकई सत्य हैं।

# चंपत राय-अनिल मिश्रा का इस्तीफा मंजूर

## कृष्ण मोहन होंगे ट्रस्ट के नए महासचिव, 22 जुलाई को होगी अगली बैठक

एजेंसी, अयोध्या।।

उत्तर प्रदेश के अयोध्या में राम मंदिर के लिए मिले दान में हेराफेरी के आरोपों के बीच, सोमवार को श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की अहम बैठक हुई। यह बैठक ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय और ट्रस्टी डॉ. अनिल मिश्रा के भविष्य पर चर्चा करने के लिए बुलाई गई थी; डॉ. मिश्रा ने कथित चोरी की नैतिक ज़िम्मेदारी लेते हुए अपने पद से इस्तीफा दे दिया था। ट्रस्ट ने उनके इस्तीफे स्वीकार कर लिए हैं। इस बीच, बैठक में स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम (रक्ळ) की अंतरिम रिपोर्ट पर भी चर्चा हुई। मीडिया की मौजूदगी और प्राइवेसी की चिंताओं के कारण



यह बैठक राम मंदिर परिसर के अंदर बने गेस्ट हाउस में हुई। ट्रस्ट ने SIT की जांच का स्वागत किया है और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है, साथ ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व पर भरोसा भी जताया है।

घंटे से ज्यादा चली बैठक के बाद, श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष स्वामी गोविंद देव गिरि महाराज ने कहा कि रक्ळ की अंतिम रिपोर्ट पर चर्चा करने के लिए 22 जुलाई को एक और बैठक होगी। उन्होंने कहा हम सभी इससे आहत और दुखी हैं। चोरी कितनी बड़ी या छोटी थी, यह गौण बात है; हमें मुख्य रूप से इस बात का दुख है कि यहाँ ऐसा माहौल बनने दिया गया।

हालाँकि, सच्चाई हमारे सामने है और उस पर विचार करना हमारा कर्तव्य है। इसलिए, तय तारीख से पहले ही, हम आज गहरे चिंतन और दुख की स्थिति में इकट्ठा हुए। मौजूदा हालात को देखते हुए एक गंभीर स्थिति पैदा हो गईः हमारे महासचिव चंपत राय और ट्रस्टी अनिल जी मिश्रा ने इस्तीफा दे दिया। महासचिव के तौर पर काम कर रहे चंपत राय बहुत दुखी थे; उन्हें लगा कि जब तक पूरी तरह से न्याय नहीं हो जाता—यानी दोषियों को पकड़ा नहीं जाता और उन्हें उचित सजा नहीं मिलती—तब तक अपने पद पर बने रहना ठीक नहीं है। इसी भावना से प्रेरित होकर उन्होंने अपना इस्तीफा सौंपा—यह ऐसा मामला नहीं था जिसे हम बस स्वीकार या अस्वीकार कर सकें। के. परासरन ने एक अहम बात उठाईः ट्रस्ट के संविधान के अनुसार, इस्तीफा सौंपते ही उसे स्वीकार मान लिया जाता है।

# राम मंदिर : 70 बार कैमरे में कैद हुई चढ़ावा चोरी

एजेंसी, लखनऊ।

श्रीराम जन्मभूमि मंदिर के चढ़ावा गणना कक्ष में कथित चोरी के मामले में गठित विशेष जांच दल (एसआईटी) की प्रारंभिक जांच रिपोर्ट पहली बार सार्वजनिक हुई है। ट्रस्ट की बैठक में प्रस्तुत इस रिपोर्ट में प्रथम दृष्टया माना गया है कि चढ़ावा की गणना प्रक्रिया के दौरान चोरी और गबन की घटनाएं हुईं। रिपोर्ट के अनुसार 27 अप्रैल से पहले भी ऐसी अनियमितताओं के संकेत मिले हैं, लेकिन उस अवधि का सीसीटीवी फुटेज उपलब्ध न होने से वास्तविक नुकसान का आकलन नहीं किया जा सका। एसआईटी के अनुसार आरोपियों के बयान तथा उनके बैंक खातों में आय से अधिक धनराशि मिलने से इन आशंकाओं को बल मिला है। उपलब्ध सीसीटीवी फुटेज में गणना कर्मियों द्वारा करीब 70 बार नोटों की गड्डियां और खुले नोट छिपाने जैसी गतिविधियां दर्ज होने का उल्लेख किया गया है। रिपोर्ट में ट्रस्ट, बैंक, गणना कक्ष की निगरानी व्यवस्था, सुरक्षा प्रबंधन और प्रशासनिक जवाबदेही पर भी गंभीर सवाल उठाए गए हैं। हालांकि एसआईटी ने स्पष्ट किया है कि यह केवल प्रारंभिक जांच रिपोर्ट है और विस्तृत जांच अभी जारी है। रिपोर्ट के अनुसार निर्धारित सुरक्षा उपायों का प्रभावी पालन न होने से अनियमितताओं की गुंजाइश बनी। प्रवेश और निकास पर तलाशी, निर्धारित वेशभूषा, निजी सामान पर प्रतिबंध, हुंडीवार गणना, मूल्यवर्गवार अभिलेखीकरण तथा प्रभावी निगरानी जैसी व्यवस्थाएं व्यवहार में पूरी तरह लागू नहीं थीं। ट्रस्ट और बैंक के प्रतिनिधियों की मौजूदगी के बावजूद कथित अनियमितताएं होती रहीं।

एसआईटी ने बताया कि 20 सितंबर 2024 को ट्रस्ट और बैंक के बीच हुए समझौते में गणना कक्ष में प्रवेश-निकास के लिए सख्त सुरक्षा व्यवस्था तय की गई थी। इसके विपरीत छह फरवरी 2025 को जारी एसओपी में अनिवार्य तलाशी की व्यवस्था को बदलकर नियमित अथवा रैंडम तलाशी कर दिया गया, जिससे सुरक्षा व्यवस्था कमजोर हुई। रिपोर्ट के आधार पर एसआईटी ने आठ लोगों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज करने की संस्तुति की है। इसके अलावा गणना कक्ष प्रभारी सुभाष श्रीवास्तव, गणना कक्ष में तैनात अन्य पर्यवेक्षणीय कर्मियों तथा रामशंकर यादव उर्फ टिन्नू के विरुद्ध भी प्राथमिकी दर्ज कर विवेचना कराने की सिफारिश की गई है।

### डॉ. अनिल मिश्रा की निगरानी पर सवाल, सुभाष को ठहराया जिम्मेदार

रिपोर्ट में कहा गया है कि ट्रस्ट के प्रतिनिधि के रूप में डॉ. अनिल मिश्रा ने बैंक के साथ मिलकर दिशा-निर्देश जारी किए थे। एसओपी लागू होने के बाद उसके अनुपालन की समीक्षा और निगरानी सुनिश्चित करना उनकी जिम्मेदारी थी।

# यूपीः अखिलेश ने टिन्नू यादव से फोन पर बात होने को बताया झूठ, निशिकांत दुबे को दी चुनौती

एजेंसी, लखनऊ।

सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने चंदा चोरी में फंसे रामशंकर उर्फ टिन्नू यादव से उनकी फोन पर बातचीत को झूठ बताया है। साथ ही सोशल मीडिया के जरिये इस बारे में सोशल मीडिया पर लिखने वाले झारखंड से भाजपा सांसद डॉ. निशिकांत दुबे समेत सभी लोगों पर एफआईआर कराने की चेतावनी दी है। डॉ. निशिकांत दुबे ने टिन्नू से अखिलेश की बातचीत का दावा करने वाली एक पोस्ट को एक्स पर रिपोस्ट करते हुए लिखा-टिन्नू टीपू से ही तो बात कर रहा था? इस पर अखिलेश ने एक्स पर ही जवाब दिया कि जितना सत्ता पक्ष के सांसद का विशेषाधिकार होता है, उतना ही विशेषाधिकार विपक्ष के सांसद का भी होता है। पुरुषोत्तम प्रभु राम जी मयार्दा एवं सामाजिक शालीनता, सभ्यता और संसदीय परंपरा का मान रखते हुए हम भाजपा के सांसद को 10 मिनट का समय देते हैं कि वो इस झूठे ट्वीट-पोस्ट को डिलीट कर दें अन्यथा उनके खिलाफ तत्काल नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई जाएगी।

साथ ही ये चेतावनी उन सबको भी है जिन्होंने ये झूठ फैलाया है। वे भी सोशल मीडिया पर तुरंत डिलीट करें और सार्वजनिक माफी मांगे या कानूनी कार्रवाई के लिए तैयार रहें। वे याद रखें कि भाजपा के नेता किसी के सगे नहीं हैं। जब सालों-साल कोर्ट-कचहरी के चक्कर लगाने पड़ेंगे तो कोई संगी-साथी भी बचाने नहीं आएगा। जो भगवान के नहीं हुए वो इंसान के क्या होंगे।



### पीडीए समाज को कलंकित करने के लिए कर रहे झूठ प्रचारित

अखिलेश ने कहा कि पीडीए समाज को कलंकित व अपमानित करने के लिए भाजपा नेता और उनके संगी-साथी ये कुत्सित झूठ प्रचारित-प्रसारित कर रहे हैं। पीडीए समाज एकजुट होकर इसका जवाब देगा। चढ़ावा-चंदा-दान चोरों का गिरोह जनाक्रोश के डर से अब अपने घरों में दुबका बैठा है और षड्यंत्र कर रहा है। अगर मुखबिरों के वंशजों में साहस है तो अपने अयोध्यावासियों के सामने सरयू का जल हाथ में उठाकर ये बात कहें।

# मथुरा में सफर के 'हाईवे' को कुछ वर्षों तक तो भूल ही जाइए

## अभी तो चौड़ीकरण के प्रस्ताव स्वीकृत ही हुए हैं, निर्माण प्रक्रिया पूरी होने में लग जाएंगे वर्षों

- **तब तक मथुरा शहर में हाईवे पर जगह-जगह जाम में जूझते रहेंगे वाहन**
- **वैकल्पिक व्यवस्था की भी नहीं है कोई संभावना, सिर्फ ट्रैफिक मैनेजमेंट ही दे सकता है राहत**

टीएनएफ टुडे, मथुरा।

पूरे देश में जहां सड़क परिवहन बहुत ही सुगम हो गया है वहीं मथुरा शहर रोज ही भीषण जाम से हांफता रहता है। खुशखबरी ये है कि हाईवे पर फरह से लेकर जैंत तक कई अंडरपास और आरओबी के चौड़ीकरण के प्रस्ताव स्वीकृत हो गए हैं लेकिन, अफसोस है कि इनकी निर्माण प्रक्रिया पूरी होने में ही वर्षों लग जाएंगे। मान लिया जाए कि ये निर्माण प्रक्रिया आज से शुरू हो रही है तो भी इसे व्यवहारिकता में आने में कई साल लग जाएंगे। ऐसे में मथुरा शहर में सफर के हाईवे को फिलहाल भूल ही जाइए और भीषण जाम और अराजक यातायात से जूझना ही पड़ेगा।

आगरा से मथुरा की ओर जाएं तो सीमा में प्रवेश करते ही वाहन चालक को जाम की आशंका सताने लगती है। बाद हो या टाउनशिप, कभी भी जाम मिल जाता है। नरहौली से लेकर मंडी तक जाम परंपरागत हो चुका है। नरहौली चौराहे पर लगाई गई बेरीकेडिंग से एक साइड पर यातायात भले ही सुगम मिल जाए लेकिन, दूसरी साइड पर जाम लगना तय है। कभी-कभार ही इस चौराहे से जाम से मुक्ति मिल पाती है। छटीकरा के पास भी यही हालात होते हैं। मथुरा से आगरा की ओर पर हाईवे ही नहीं, उनकी सर्विस रोड भी जाम से जूझती हैं। खास बात ये है कि एक स्थान पर लगा जाम पूरे हाईवे को प्रभावित कर देता है।





### ये हो सकता है विकल्प

- आगरा से दिल्ली की ओर जाने वाले वाहन उत्तरी बाइपास से एक्सप्रेसवे होकर वृंदावन होकर जा सकते हैं। इससे मथुरा शहर में जाम से बच सकेंगे।
- दिल्ली से आगरा आने वाले वाहन वृंदावन से एक्सप्रेसवे होकर उत्तरी बाइपास होकर आगरा आ सकते हैं। इससे मथुरा शहर में जाम से बच सकेंगे।

हाईवे ने महुअन टोल प्लाजा से आगरा की ओर साइड में एक ओवरब्रिज, फरह में रेलवे ओवरब्रिज का चौडीकरण, नरहौली पर आरओबी का चौड़ीकरण, बाजना पुल के आगे आरओबी का चौड़ीकरण, जैंत में अंडरपास जैसे कई प्रस्ताव स्वीकृत करा लिए हैं। लेकिन, वित्तीय अनुमति से लेकर अन्य स्वीकृतियों के पूरा होने में ही महीनों नहीं, वर्षों लग जाएंगे। इसके बाद जब निर्माण प्रक्रिया शुरू होगी तो हाईवे पर ट्रैफिक डायवर्ट करना जरूरी होगी। और तब भी भीषण जाम लगना तय है। अभी हाईवे पर जाम की ये स्थिति है तो निर्माण कार्य के दौरान क्या हालात होंगे, ये सोचनीय है। पिछले सप्ताह की ही बात कर लें। शुक्रवार की रात से जाम हुए हाईवे को शनिवार शाम तक सामान्य नहीं बनाया जा सका था। इसके कारण हाईवे से कनेक्ट शहर की लिंक सड़कें भी जाम से जूझती रही थीं। हाईवे ही नहीं, पूरा शहर में दिन रात हाहाकार मचा रहा था।

### मुडिया मेला, जन्माष्टमी में कैसे चलेंगे

जुलाई महीने के आखिरी सप्ताह में गोवर्धन में पांच दिवसीय मुडिया मेला आयोजित होना है। अपार भीड़ उमड़ेगी। तब गोवर्धन को जाने वाले तमाम मार्ग ही नहीं, मथुरा शहर के भी मार्ग भी जाम से जूझते रहेंगे। इसके बाद बरसाना में राधाष्टमी और फिर मथुरा में जन्माष्टमी का त्योहार है। मथुरा प्रशासन के लिए यातायात को नियंत्रित और सुचारु बनाए रखना एक चुनौती हमेशा से रहा है।

अभी तक हाईवे पर जो भी ओवरब्रिज बनाए गए हैं, उनमें करीब करीब दो साल का समय लग ही गया। बाद हो या टाउनशिप, मंडी हो या गोवर्धन चौराहा, निर्माण कार्य के दौरान यहां से गुजरना दूभर हो गया था। ठीक ऐसी ही स्थिति आगामी निर्माण कार्य के दौरान होना तय है। निर्माण कार्य कितनी रफ्तार से होता है, ये तय करेगा कि हाईवे पर फरार्टा भरने में कितना समय लगेगा।

# श्रीलंका की जेल में खूनी बवाल, हिंसा में 23 की मौत, 100 से अधिक घायल

एजेंसी, कोलंबो।

श्रीलंका की राजधानी कोलंबो स्थित एक हाई-सिक्योरिटी जेल में हुई भीषण हिंसा ने पूरे देश को झकझोर दिया है। जेल के भीतर दो कैदी गुटों के बीच भड़की हिंसक झड़प में चार जेल गार्ड और 19 कैदियों की मौत हो गई, जबकि 100 से अधिक लोग घायल हो गए। अधिकारियों के अनुसार, यह पिछले छह वर्षों में श्रीलंका की जेलों में हुई सबसे घातक हिंसक घटना मानी जा रही है। पुलिस के मुताबिक, घटना देर रात उस समय शुरू हुई जब ड्रग्स तस्करी से जुड़े दो प्रतिद्वंद्वी गुटों के बीच विवाद हिंसक संघर्ष में बदल गया। देखते ही देखते हालात इतने बिगड़ गए कि जेल प्रशासन को अतिरिक्त सुरक्षा बल बुलाने पड़े।

अस्पताल में भर्ती कराए गए घायलों का इलाज जारी हिंसा में घायल कैदियों और जेल कर्मियों को तत्काल कोलंबो के उत्तर में स्थित नेगोम्बो सरकारी अस्पताल पहुंचाया गया। अस्पताल प्रशासन के अनुसार, कुल 23 शव अस्पताल लाए गए, जबकि 100 से अधिक घायल उपचाराधीन हैं। अस्पताल की निदेशक पुष्पा गामलाथ ने बताया कि कई घायलों को गोली लगी है, जबकि अन्य को धारदार हथियारों से गंभीर चोटें आई हैं। डॉक्टरों की टीम लगातार घायलों का इलाज कर रही है और कुछ की हालत अभी भी गंभीर बनी हुई है।



### हालात काबू करने के लिए एसटीएफ की तैनाती

स्थिति नियंत्रण से बाहर होने पर श्रीलंकाई प्रशासन ने पुलिस की स्पेशल टास्क फोर्स और दंगा नियंत्रण इकाइयों को जेल परिसर में तैनात किया। सुरक्षा बलों ने कई घंटे की कार्रवाई के बाद हालात पर काबू पाया। आगे किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए प्रशासन ने तत्काल सुरक्षा व्यवस्था और कड़ी कर दी है। एहतियात के तौर पर तीन कैदियों को दूसरी जेल, पल्लनसेना जेल कैंप, स्थानांतरित किया गया है।

### जांच जारी, सुरक्षा व्यवस्था की होगी समीक्षा

अधिकारियों ने पूरे मामले की उच्चस्तरीय जांच के आदेश दिए हैं। जेल के भीतर सुरक्षा व्यवस्था, कैदियों की गतिविधियों और अवैध नेटवर्क की संभावित भूमिका की गहन जांच की जाएगी। सरकार ने संकेत दिए हैं कि जांच रिपोर्ट के आधार पर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी और भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए जेल सुरक्षा व्यवस्था की व्यापक समीक्षा की जाएगी।

ड्रग्स तस्करी के विवाद से जुड़ी हो सकती है हिंसा प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि जेल के भीतर कथित ड्रग्स तस्करी गतिविधियों को लेकर दो गुटों के बीच लंबे समय से तनाव था। एक गुट पर जेल के अंदर अवैध नशीले पदार्थों के कारोबार को बढ़ावा देने का आरोप है, जबकि दूसरा गुट इसका विरोध कर रहा था। इसी विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। जांच एजेंसियां यह भी पता लगाने में जुटी हैं कि कहीं जेल के भीतर सक्रिय संगठित आपराधिक नेटवर्क ने इस हिंसा को भड़काने या बढ़ाने में कोई भूमिका तो नहीं निभाई।

## दिल्ली हाई कोर्ट भर्ती: हायर ज्यूडिशियल सर्विस के 27 पदों के लिए आवेदन शुरू, 15 है लास्ट डेट

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने दिल्ली हायर ज्यूडिशियल सर्विस में सीधी भर्ती के जरिए 27 खाली पदों (24 मौजूदा और 3 संभावित) को भरने के लिए योग्य उम्मीदवारों से आवेदन एक आधिकारिक अधिसूचना जारी करके आमंत्रित किए है। दिल्ली हाईकोर्ट की ओर से जारी रिक्तियों के लिए ऑनलाइन माध्यम से आवेदन प्रक्रिया 1 जुलाई के सुबह 10 बजे से शुरू हो गई है और अप्लाई करने की अंतिम तिथि 15 जुलाई तय की गई है। जो पात्र उम्मीदवार इन पदों पर नियुक्त होने के लिए एप्लीकेशन फॉर्म भरना चाहते हैं, वे दिल्ली हाईकोर्ट की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर तय अंतिम तिथि के शाम 5.30 बजे तक या उससे पहले अपना रजिस्ट्रेशन फॉर्म जमा कर सकते हैं।

आवेदन करने वाले अभ्यर्थी अगर कोई वकील है, तो वह आवेदन मिलने की आखिरी तारीख तक लगातार कम से कम सात वर्ष तक प्रैक्टिस किया होना चाहिए। न्यायिक अधिकारियों के मामले में अधीनस्थ न्यायिक सेवा में भर्ती होने से पहले बार (वकालत) में सात वर्ष पूरे कर लिए हों या आवेदन मिलने की आखिरी तारीख तक न्यायिक अधिकारी और वकील के तौर पर कुल मिलाकर सात वर्ष का अनुभव होना चाहिए।

### दिल्ली पुलिस की बड़ी कार्रवाई

# शहजाद भट्टी नेटवर्क के दो मॉड्यूल का पर्दाफाश, 6 आरोपी गिरफ्तार

एजेंसी, नई दिल्ली।

दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने एक बड़े अभियान के तहत कथित तौर पर शहजाद भट्टी नेटवर्क से जुड़े दो अलग-अलग मॉड्यूल का भंडाफोड़ करते हुए छह संदिग्धों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने दिल्ली और पंजाब के विभिन्न इलाकों में एक साथ छापेमारी कर आरोपियों को दबोचा। कार्रवाई के दौरान उनके कब्जे से अवैध हथियार, पिस्तौल और कई पेट्रोल बम (मोलोटोव कॉकटेल) बरामद किए गए हैं। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच कई अहम पहलुओं को ध्यान में रखकर की जा रही है।

दो अलग-अलग मॉड्यूल के जरिए संचालित हो रहा था नेटवर्क पुलिस अधिकारियों के अनुसार, प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि गिरफ्तार आरोपी दो अलग-अलग मॉड्यूल के माध्यम से सक्रिय थे। पहला मॉड्यूल कथित तौर पर देश विरोधी गतिविधियों और गंभीर आपराधिक साजिशों से जुड़ा हुआ था। जांच एजेंसियां यह पता लगाने का प्रयास कर रही हैं कि इस मॉड्यूल का उद्देश्य किसी बड़ी वारदात को अंजाम देना था या नहीं। वहीं दूसरा मॉड्यूल अवैध हथियारों की तस्करी से जुड़ा बताया जा रहा है। आरोप है कि इस नेटवर्क के जरिए विभिन्न अपराधियों और गैंगस्टरों तक हथियार पहुंचाए जाते थे। पुलिस अब हथियारों की सप्लाई चेन और इससे जुड़े अन्य लोगों की पहचान में जुटी है।



कई राज्यों से जुड़े हो सकते हैं तार जांच एजेंसियों का मानना है कि यह नेटवर्क संगठित तरीके से काम कर रहा था और इसके तार केवल दिल्ली या पंजाब तक सीमित नहीं हो सकते। पूछताछ के दौरान मिले शुरूआती इनपुट के आधार पर अन्य राज्यों में भी संभावित संपर्कों की जांच की जा रही है। पुलिस को उम्मीद है कि गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ में नेटवर्क की कार्यप्रणाली, फंडिंग, हथियारों की आपूर्ति और अन्य सहयोगियों के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी मिल सकती है।

बरामद पेट्रोल बम और हथियारों की जांच स्पेशल सेल अब इस बात की विस्तृत जांच कर रही है कि बरामद पेट्रोल बम और हथियारों का इस्तेमाल किस उद्देश्य से किया जाना था। फॉरेंसिक जांच के लिए बरामद सामग्री को भेजा गया है, जबकि आरोपियों के मोबाइल फोन, डिजिटल उपकरणों और संपर्कों की भी जांच की जा रही है।

### नेतन्याहू के 'भारत के समर्थन' वाले दावे पर कांग्रेस का पलटवार

# पीएम मोदी की चुप्पी देश के मूल्यों के अनुरूप नहीं: जयराम

एजेंसी, नई दिल्ली।

इस्राइल के प्रधानमंत्री बेंजमिन नेतन्याहू द्वारा भारत से समर्थन मिलने का दावा किए जाने के बाद देश में राजनीतिक प्रतिक्रिया तेज हो गई है। कांग्रेस ने इस बयान को लेकर केंद्र सरकार और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की विदेश नीति पर सवाल उठाए हैं। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि नेतन्याहू का यह दावा सही नहीं है कि पूरा भारत इस्राइल के साथ खड़ा है। उनके अनुसार, भारत की जनता और देश की ऐतिहासिक विदेश नीति को किसी एक राजनीतिक रुख से नहीं जोड़ा जा सकता।

'भारत का समर्थन' वाला दावा बताया गलत कांग्रेस नेता ने कहा कि नेतन्याहू का यह कहना कि भारत इस्राइल के साथ खड़ा है, तथ्यात्मक रूप से सही नहीं है। उन्होंने आरोप लगाया कि भले ही प्रधानमंत्री मोदी का झुकाव इस्राइल की ओर दिखाई देता हो, लेकिन देश के करोड़ों नागरिक गाजा में जारी हिंसा, फलस्तीनी नागरिकों के विस्थापन, ईरान पर हमलों और दक्षिणी लेबनान में इस्राइली सैन्य अभियानों को लेकर चिंता व्यक्त करते हैं। रमेश के अनुसार, इन घटनाओं को केवल क्षेत्रीय संघर्ष नहीं बल्कि मानवता से जुड़े गंभीर मुद्दों के रूप में देखा जाना चाहिए।

नेतन्याहू पर भी साधा निशाना जयराम रमेश ने अपने बयान में बेंजमिन नेतन्याहू की अंतरराष्ट्रीय छवि पर भी टिप्पणी की। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में नेतन्याहू कई देशों में आलोचना का सामना कर रहे हैं और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अलग-थलग पड़ते दिखाई दे रहे हैं। कांग्रेस नेता ने यह भी दावा किया कि अमेरिका के भीतर भी उनके नेतृत्व और नीतियों को लेकर असंतोष देखने को मिल रहा है।



### जयराम रमेश बोले-भारत की परंपरा शांति और न्याय की

सोमवार को सोशल मीडिया पर जारी अपने बयान में जयराम रमेश ने कहा कि इस्राइल की सैन्य कार्रवाइयों पर प्रधानमंत्री मोदी की चुप्पी भारत की सभ्यतागत विरासत और नैतिक मूल्यों के अनुरूप नहीं है। उन्होंने कहा कि भारत की पहचान हमेशा शांति, न्याय और मानवीय मूल्यों का समर्थन करने वाले देश के रूप में रही है। ऐसे में मौजूदा पश्चिम एशिया संकट पर सरकार का रुख कई सवाल खड़े करता है।

# महाराष्ट्र में भारी बारिश से हाहाकार: एनडीआरएफ ने संभाला मोर्चा

# नेवी हाई अलर्ट पर, मुंबई-पुणे हाईवे लैंडस्लाइड के बाद बंद

एजेंसी, मुंबई।

महाराष्ट्र में लगातार हो रही भारी बारिश से जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ है और भूस्खलन, जलभराव व परिवहन में रुकावट जैसी समस्याएं पैदा हो गई हैं। इसे देखते हुए नेशनल डिजास्टर रिस्पॉन्स फोर्स (एनडीआरएफ) ने राज्य के कई हिस्सों में बचाव और राहत कार्य तेज कर दिए हैं। इस बीच भारतीय नौसेना ने कहा है कि लगातार हो रही भारी बारिश के कारण वेस्टर्न नेवल कमांड को हाई अलर्ट पर रखा गया है और राज्य प्रशासन द्वारा अनुरोध किए जाने पर मदद के लिए पूरी तरह तैयार है।

एक बड़ी घटना पुणे की मावल तहसील के पाटन गांव से सामने आई है, जहां सुबह करीब 4 बजे पहाड़ी का एक हिस्सा ढह गया, जिससे स्थानीय निवासी नंदू टिकोने का घर मलबे के नीचे दब गया। परिवार के तीन सदस्यों के मलबे के नीचे दबे होने की आशंका है। एनडीआरएफ की 30 सदस्यीय टीम प्रभावित इलाके में पहुंच गई है और तुरंत बचाव अभियान शुरू कर दिया है। टीम ने एक शव बरामद कर लिया है। खराब मौसम के बावजूद बाकी दो लापता सदस्यों की तलाश के लिए सर्च ऑपरेशन जारी है।



एनडीआरएफ की 5वीं बटालियन की टीम-5 ने पुणे जिले में एक अन्य बचाव अभियान में मावल में घोरावड़ी रेलवे स्टेशन के पास जलभराव की घटना पर तुरंत कार्रवाई की और एक प्राइवेट बस में फंसे सभी 37 यात्रियों को सुरक्षित निकाला। महाराष्ट्र के आपदा प्रबंधन मंत्री गिरीश महाजन ने सोमवार को मौसम की बिगड़ती स्थिति को देखते हुए नागरिकों से मॉनसून टूरिज्म और गैर-जरूरी काम से बाहर जाने से बचने की अपील की। उन्होंने चेतावनी दी कि आधिकारिक सलाह को नजरअंदाज करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा सकती है।

उन्होंने कहा, "राज्य में बहुत ज्यादा बारिश हो रही है। सड़कें और रेलवे रूट बंद कर दिए गए हैं और पुणे-मुंबई ट्रांसपोर्ट कॉरिडोर भी बंद है। स्कूलों को बंद रखने का आदेश दिया गया है। मुंबई में मंत्रालय में आपदा प्रबंधन की बैठक बुलाई गई है। मैं नागरिकों को सलाह देता हूं कि वे मुंबई में टूरिज्म या घूमने-फिरने के लिए बाहर न निकलें। हम जल्द ही आगे के फैसलों की घोषणा करेंगे।" मंत्री ने खराब मौसम से पैदा हुए खतरों पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा, "हवा की गति 70 से 90 किमी/घंटा तक पहुंच गई है, जिससे मुंबई में पेड़ उखड़ रहे हैं। इसके बावजूद लोग बाहर भीड़ लगाए हैं, कृपया ऐसा न करें।"

सोमवार और मंगलवार के लिए कई इलाकों में भारी बारिश और तूफानी हालात की चेतावनी के साथ रेड अलर्ट जारी किया गया है। बृहन्मुंबई म्युनिसिपल कॉर्पोरेशन (बीएमसी) ने इन चेतावनियों को दोहराते हुए बताया कि भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने मुंबई मेट्रोपॉलिटन रीजन (एमएमआर) के लिए रेड अलर्ट जारी किया है, जिसमें हवा की गति 80 से 90 किमी/घंटा तक पहुंचने की आशंका है।

## ताइवान ने चीन की समुद्री गश्त को बताया अवैध, क्षेत्रीय शांति पर जताई चिंता

एजेंसी, ताइपे।

ताइवान ने चीन के कोस्ट गार्ड (सीसीजी) के पूर्वी समुद्री क्षेत्र में गश्त करने की आलोचना की है। ताइवान ने इसे अंतरराष्ट्रीय कानून के खिलाफ अधिकार का अवैध विस्तार बताया है और कहा है कि इससे क्षेत्रीय स्थिरता को खतरा पैदा हो रहा है। ताइपे टाइम्स की रिपोर्ट के अनुसार, मेनलैंड अफेयर्स काउंसिल (मैक) ने कहा कि चीन का ताइवान के पूर्वी समुद्री क्षेत्र पर कोई संप्रभु अधिकार, अधिकार क्षेत्र या कानून लागू करने की शक्ति नहीं है। परिषद ने कहा कि बीजिंग की ओर से की जा रही तथाकथित 'कानून प्रवर्तन गश्त' असल में अधिकार का अवैध विस्तार है, जो अंतरराष्ट्रीय कानून का उल्लंघन करती है और क्षेत्रीय शांति के लिए खतरा है।

एक बयान में मैकने कहा, ह्लकोई भी अवैध काम बार-बार करने से वह वैध नहीं हो जाता, और न ही इससे उसे अंतरराष्ट्रीय मान्यता मिलेगी ह्व मैक की यह प्रतिक्रिया चीन की ओर से यह घोषणा करने के बाद आई कि उसने ताइवान के पूर्व में एक नई कोस्ट गार्ड गश्त शुरू की है।

चीन कोस्ट गार्ड ने अपने बयान में कहा कि उसकी टीम इस क्षेत्र में 'कानून प्रवर्तन गश्त' करेगी और जिसे वह चीन का अधिकार क्षेत्र मानता है, वहां निगरानी बढ़ाएगी।

## नैनीताल में 52 लड़के-लड़कियां आपत्तिजनक हालत में पकड़े: जंगल के बीच रिसॉर्ट में चल रहा था सेक्स रैकेट

**रामनगर (नैनीताल)।** उत्तराखंड के नैनीताल जिले के रामनगर क्षेत्र स्थित सांवल्दे के एक निजी रिजॉर्ट में पुलिस ने शनिवार देर रात बड़ी कार्रवाई करते हुए कथित अवैध गतिविधियों का खुलासा किया। संयुक्त छापेमारी के दौरान पुलिस ने 52 पुरुषों और एक नाबालिग सहित 10 महिलाओं को हिरासत में लिया। मामले में अनैतिक देह व्यापार, पॉक्सो अधिनियम, आबकारी कानून और अन्य संबंधित धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। कार्रवाई के बाद रिजॉर्ट को सील कर दिया गया, जबकि उसका महाप्रबंधक (जीएम) मौके से फरार हो गया, जिसकी तलाश जारी है।

सूचना के बाद हुई छापेमारी पुलिस के अनुसार, संदिग्ध गतिविधियों की जानकारी मिलने के बाद एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट, स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप और रामनगर पुलिस की संयुक्त टीम ने शनिवार देर रात एक्रोन रिजॉर्ट में छापा मारा। पुलिस का कहना है कि मौके पर बिना आवश्यक अनुमति के शराब पार्टी चल रही थी। पुलिस के मुताबिक, पार्टी में शराब, नशा, अश्लील डांस और महिलाओं पर नोट उड़ाने जैसी गतिविधियां हो रही थीं।

# फ्रांस-स्पेन सीमा पर आग का कहर-1,500 हेक्टेयर जंगल राख

एजेंसी, रोम।

फ्रांस-स्पेन सीमा क्षेत्र में जंगल की आग रविवार को भी जारी रही। पूर्वी पाइरेनीज इलाके में ट्रेविलाच के पास शनिवार रात शुरू हुई भीषण आग तेज हवा और भीषण गर्मी के कारण फिर से भड़क उठी। इस आग ने अब तक करीब 1,500 हेक्टेयर क्षेत्र में लगी वनस्पति को तबाह कर दिया है।

आग बुझाने के लिए 700 से ज्?यादा दमकलकर्मी लगातार काम कर रहे हैं। कई लोगों को सुरक्षित जगहों पर पहुंचाया गया है।

वहीं, स्पेन के कैटेलोनिया में कोस्टा ब्रावा में लगी आग, जिसने 2,200 हेक्टेयर से ज्?यादा इलाके को नुकसान पहुंचाया था, अब काफी हद तक काबू में है। हालांकि अधिकारियों ने चेतावनी दी है कि नई हीटवेव की वजह से खतरा अभी बना हुआ है। पूर्वी पाइरेनीज के प्रीफेक्ट पियरे रेग्नॉल्ट डे ला मोथे ने बताया कि ट्रेविलाच की आग फिर से तेज हो गई है। उन्होंने कहा कि आग का फैलाव करीब 18 किलोमीटर तक है, इसलिए जमीन और हवा दोनों तरफ से बड़े पैमाने पर संसाधन लगाए गए हैं। उन्होंने बताया कि आग दोनों किनारों पर फिर से तेजी से फैल रही है।



फिलहाल 700 दमकलकर्मी, 200 वाहन और 9 विमान आग बुझाने में लगे हुए हैं। करीब 80 लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया है, जबकि आसपास के कई गांवों के लोगों से फिलहाल अपने घरों में ही रहने की अपील की गई है। तेज हवा और भीषण गर्मी की वजह से हालात और मुश्किल हो गए हैं। दमकल अधिकारी कर्नल स्टीफन क्लर्क ने कहा, "आग फिर से तेज हो रही है और हमें लगातार इससे लड़ना होगा।" अधिकारियों ने बताया कि कुछ समय के लिए आग की रफ्तार कम हुई थी, लेकिन हवा के चलते यह दोबारा भड़क उठी।

उधर, उत्तर-पूर्वी स्पेन के कोस्टा ब्रावा के पास शुक्रवार को लगी आग, जिसने 2,200 हेक्टेयर से ज्?यादा इलाके को जला दिया था, रविवार सुबह तक काफी हद तक काबू में आ गई। हालांकि दमकल विभाग ने कहा कि आज का दिन मुश्किल हो सकता है क्योंकि पूरे स्पेन में फिर से भीषण गर्मी पड़ रही है। वन अधिकारियों के ताजा आंकड़ों के मुताबिक, 2,200 हेक्टेयर से ज्यादा जमीन जल चुकी है। प्रभावित इलाके का लगभग 97 प्रतिशत हिस्सा गैवरेस नाम के संरक्षित प्राकृतिक क्षेत्र में आता है।

दमकल विभाग ने कहा, "तेज गर्मी और आग के चारों ओर लगातार उठ रहे धुएं के कारण आज का दिन चुनौतीपूर्ण रहेगा।" उन्होंने बताया कि आग का फैलाव कई जगहों पर टूटा-फूटा है और बीच-बीच में कुछ हिस्सों में पेड़-पौधे अभी भी बचे हुए हैं। ऐसे इलाकों से बार-बार धुआं उठ रहा है, इसलिए पूरे क्षेत्र पर लगातार नजर रखनी पड़ रही है ताकि आग दोबारा न भड़क सके। यह आग शुक्रवार सुबह गिरोना के पास, भूमध्य सागर के तट से लगभग 20 किलोमीटर दूर शुरू हुई थी। दमकल अधिकारियों का कहना है कि अगर हालात ऐसे ही बेहतर होते रहे, तो करीब 10 नगरपालिकाओं में लगाया गया लॉकडाउन हटाया जा सकता है और लोग अपने घर लौट सकेंगे।

# नाटो शिखर सम्मेलन से पहले अंकारा में कड़ी सुरक्षा, 46 संदिग्ध हिरासत में लिए गए

एजेंसी, अंकारा।

तुर्की की राजधानी अंकारा में पुलिस ने 46 लोगों को हिरासत में लिया है। यह कार्रवाई 7-8 जुलाई को होने वाले नॉर्थ अटलांटिक ट्रीटी ऑर्गनाइजेशन (नाटो) शिखर सम्मेलन से पहले सुरक्षा व्यवस्था के तहत की गई। यह जानकारी रविवार को तुर्की के मीडिया ने दी। तुर्की के मीडिया आउटलेट हैबरटर्क की रिपोर्ट के मुताबिक, यह अभियान अंकारा के चीफ पब्लिक प्रॉसिक्यूटर ऑफिस की निगरानी में चलाया गया। इसमें अंकारा पुलिस की पब्लिक सिक्योरिटी ब्रांच और दूसरी पुलिस इकाइयों ने भी हिस्सा लिया।



रिपोर्ट के अनुसार, संदिग्धों की पहचान तकनीकी निगरानी और फिजिकल सर्विलांस के जरिए की गई। उन पर सोशल मीडिया पर हथियारों वाली तस्वीरें पोस्ट करने, लंबे आपराधिक रिकॉर्ड रखने और हथियारों से जुड़े कई मामलों में शामिल होने के आरोप हैं। पुलिस ने शहर के कई ठिकानों पर एक साथ छापेमारी की और कथित आपराधिक गतिविधियों से जुड़े सबूत भी बरामद किए। सभी संदिग्ध फिलहाल पुलिस हिरासत में हैं और उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई जारी है।

सिन्हुआ समाचार एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार, यह अभियान नाटो शिखर सम्मेलन से पहले अंकारा में लागू की गई व्यापक सुरक्षा व्यवस्था का हिस्सा है। पुलिस ने सम्मेलन से जुड़े इलाकों में जांच बढ़ा दी है और सुरक्षा घेरा भी बड़ा कर दिया है। तय जगहों पर पुलिसकर्मी 24 घंटे तैनात हैं।समाचार पोर्टल विज्ञापन तुर्की के अधिकारियों का कहना है कि सम्मेलन से पहले और उसके दौरान कानून-व्यवस्था और लोगों की सुरक्षा बनाए रखने के लिए सभी जरूरी कानूनी, प्रशासनिक और सुरक्षा इंतजाम कर लिए गए हैं। जांच और सुरक्षा अभियान आगे भी जारी रहेंगे।

7 और 8 जुलाई को होने वाले नाटो शिखर सम्मेलन में संगठन के 32 सदस्य देशों के राष्ट्राध्यक्ष और सरकार प्रमुख शामिल होंगे। इसके अलावा हजारों प्रतिनिधि, सुरक्षा कर्मी, पत्रकार और सहयोगी स्टाफ भी अंकारा पहुंचेंगे। इसे अंकारा में अब तक आयोजित सबसे बड़े अंतरराष्ट्रीय आयोजनों में से एक माना जा रहा है। अधिकारियों ने बताया है कि सम्मेलन सिर्फ दो दिनों तक चलेगा, लेकिन सुरक्षा के विशेष इंतजाम उससे पहले और बाद तक लागू रहेंगे। सेमी-ऑफिशियल अनादोलु एजेंसी के मुताबिक, सम्मेलन के दौरान करीब 70,000 सुरक्षा कर्मियों की तैनाती की जाएगी। अंकारा के गवर्नर कार्यालय ने 28 जून से 10 जुलाई तक सभी बैठकों, प्रदर्शनों, धरनों, रैलियों और इसी तरह की दूसरी गतिविधियों पर रोक लगा दी है। इसके अलावा कॉन्सर्ट, त्योहार और बड़े सार्वजनिक कार्यक्रमों पर भी पाबंदी लगाई गई है। सम्मेलन स्थल, प्रतिनिधिमंडलों के ठहरने वाले होटलों और प्रमुख रास्तों के आसपास ट्रैफिक पर भी विशेष नियंत्रण रखा जाएगा।

# तय समयसीमा में हो शिकायतों का निस्तारण: डीएम

- राजस्व निरीक्षक से किया जवाब तलब, लापरवाही पर कार्रवाई की दी चेतावनी

● टीनएफ टुडे ●

**आगरा।** तहसील बाह में जिलाधिकारी मनीष बंसल की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस आयोजित किया गया। जिलाधिकारी ने फरियादियों की शिकायतों एवं समस्याओं को गंभीरता से सुना और संबंधित विभाग के अधिकारियों को हस्तगत करते हुए निर्धारित समय सीमा के अंदर गुणवत्ता पूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए। उन्होंने संपूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त भूमि विवाद से संबंधित शिकायतों को राजस्व एवं पुलिस की संयुक्त टीम बनाकर गुणवत्ता पूर्ण निस्तारण करने के उप जिलाधिकारी को निर्देश दिए।

संपूर्ण समाधान दिवस में शिकायतकर्ता रामप्रकाश निवासी बसई अरेला ने जिलाधिकारी के समक्ष बसई अरेला पर तैनात राजस्व निरीक्षक दिनेश अग्रवाल द्वारा बार-बार भूमि पैमाइश हेतु आवेदन देने के बाद भी पैमाइश कार्य नहीं कराए जाने की शिकायत की। जिलाधिकारी ने संबंधित राजस्व निरीक्षक से मौके पर ही जवाब तलब किया। उक्त प्रकरण की नायब तहसीलदार के नेतृत्व में कमेटी द्वारा जांच कर रिपोर्ट उपलब्ध कराने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी के समक्ष तहसील बाह में कार्यरत कंप्यूटर ऑपरेटर के खिलाफ लगातार कार्य में लापरवाही की शिकायतें मिलने पर जिलाधिकारी ने लापरवाही पर संबंधित को कड़ी फटकार लगाई जिम्मेदारी से कार्य करने के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने समाधान दिवस में विद्युत सखियों के प्रार्थनापत्र का संज्ञान लेते हुए उनके लंबित ओटीएस एवं टीडीएस भुगतान में हो रही देरी पर डीसी एनएआरएलम को शीघ्र भुगतान कराने के निर्देश दिए।

समाधान दिवस में नगर पंचायत पिनाहट के विभिन्न कार्यों में अनियमितता, वित्तीय गड़बड़ी की प्राप्त शिकायतों की जांच कराने हेतु अपर जिलाधिकारी वित्त व राजस्व को समिति गठित कर प्राप्त शिकायतों की जांच के निर्देश दिए। नगरपालिका बाह के मुख्य मार्गों के किनारे उचित साफ सफाई नहीं होने, सड़क किनारे कच्चे मार्ग से हो रही असुविधा आदि के संबंध में प्राप्त शिकायत पर जिलाधिकारी ने अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका बाह को नियमित साफ सफाई सुनिश्चित कराने तथा सड़क किनारे कच्चे मार्गों की इंटरलॉकिंग आदि कार्य किए जाने हेतु निर्देशित किया। अधिकारियों को निर्देशित किया कि शिकायतकर्ता से संपर्क करें तथा उनसे वार्ता कर शिकायत को निस्तारण कराना सुनिश्चित करें, साथ ही स्थलीय निरीक्षण कर निस्तारण होने के बाद शिकायतकर्ता को अवगत कराया जाए, जिससे उनको भी निस्तारण स्थिति का पता चल सके और निस्तारण आख्या में सम्पूर्ण घटनाक्रम को अंकित करते हुए पोर्टल पर अपलोड की जाए। तहसील दिवस के दौरान कुल 75 शिकायतें प्राप्त हुई हैं, जिसमें से 03 का मौके पर ही निस्तारण कराया गया। शेष शिकायतों में मुख्यतः विद्युत, पेंशन, राशन, भूमि विवाद, चकरोड निर्माण/अतिक्रमण, नाली निर्माण, अवैध अतिक्रमण आदि से सम्बन्धित थीं, जो कि 33 राजस्व विभाग, 13 पुलिस विभाग, 03 राजस्व व पुलिस, 05 समाज कल्याण विभाग, 09 विकास विभाग, 04 विद्युत विभाग तथा 08 अन्य से सम्बंधित शिकायतें प्राप्त हुई। इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी प्रतिभा सिंह, अपर जिलाधिकारी नागरिक आपूर्ति अजय नारायण, उप जिलाधिकारी (न्यायिक) बाह रजत कुशवाह, तहसीलदार बाह संपूर्ण कुलश्रेष्ठ, नायब तहसीलदार पश्चिम बाह डीसी पौरुष, नायब तहसीलदार पूर्वी सुधीर गिरी, पीडीडीआरडीए रेनू आदि अधिकारी उपस्थित रहे।

# महंगाई की मार से बेहाल जनता और व्यापारियों ने राष्ट्रपति के नाम सौंपा ज्ञापन

## पेट्रोल-डीजल, गैस और बिजली दरों में कमी की मांग



● टीनएफ टुडे ●

**आगरा।** उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल, उत्तर प्रदेश (पंजीकृत) के बैनर तले आज स्थानीय व्यापारियों और आम नागरिकों ने बढ़ती हुई महंगाई और बिजली की बढ़ती दरों के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। संगठन के पदाधिकारियों ने जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचकर उप जिलाधिकारी संतोष शुक्ला के माध्यम से महामहिम राष्ट्रपति, भारत गणराज्य को एक ज्ञापन सौंपा है। ?महंगाई का दंश और व्यापारियों की पीड़ा ज्ञापन में स्पष्ट रूप से उल्लेख किया गया है कि पेट्रोल-डीजल की आसमान छूती कीमतों, घरेलू व व्यावसायिक गैस के बढ़ते दामों और उत्तर प्रदेश में बिजली बिलों पर अतिरिक्त 10% ईंधन अधिभार ने व्यापार, लघु उद्योगों और आम जनता की कमर तोड़ दी है। वक्ताओं ने कहा कि परिवहन लागत में भारी वृद्धि के कारण आवश्यक वस्तुओं, राशन और सब्जियों के दाम लगातार बढ़ रहे हैं, जिससे आम आदमी का मासिक बजट पूरी तरह से असंतुलित हो गया है। वाणिज्यिक (कमर्शियल) गैस सिलेंडरों के दाम घटाए जाएं ताकि छोटे होटल और लघु उद्योगों को संजीवनी मिल सके। उत्तर प्रदेश में बिजली बिलों पर लगे 10% ईंधन अधिभार को तत्काल प्रभाव से वापस लिया जाए। ज्ञापन सौंपने वालों की उपस्थिति ज्ञापन सौंपने के दौरान महानगर अध्यक्ष नरेश पाण्डेय ने कहा कि यदि सरकार ने समय रहते प्रभावी कदम नहीं उठाए, तो छोटे व्यापारी और मध्यम वर्ग पूरी तरह आर्थिक तंगी की चपेट में आ जाएगा। इस अवसर पर मुख्य रूप से सुरेश लवानिया, कपूर चंद्र रावत, अरुण गुप्ता, जितेंद्र काशीवाल, रियासत अली खान, वीरेंद्र सिंह बंटी, भरत गुप्ता, हाजी कदीर खान, राकेश कश्यप, कुतुबद्दीन मलिक, अभिषेक जैन, विजय सिंह, अनुपम जैन, किशोर वर्मा, संजय अग्रवाल, श्री कांत वर्मा, सतीश वर्मा, रमेश कुशवाहा सहित बड़ी संख्या में व्यापारी उपस्थित रहे। व्यापार मंडल ने चेतावनी दी है कि यदि महंगाई पर अंकुश लगाने के लिए ठोस कदम नहीं उठाए गए, तो आने वाले समय में आंदोलन को और तेज किया जाएगा।

# प्राथमिक विद्यालयों का डीएम ने किया निरीक्षण

● टीनएफ टुडे ●



**आगरा।** जनपद आगरा में प्राथमिक शिक्षा की गुणवत्ता को और बेहतर बनाने के उद्देश्य से जिलाधिकारी मनीष बंसल ने प्राथमिक विद्यालयों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विद्यालयों में शैक्षणिक व्यवस्था, विद्यार्थियों की उपस्थिति, शिक्षण कार्य, साफ-सफाई तथा अन्य व्यवस्थाओं का गहनता से जायजा लिया।निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने शिक्षकों को स्पष्ट निर्देश दिए कि बच्चों को केवल निर्धारित पाठ्यक्रम तक सीमित न रखा जाए, बल्कि उनके सर्वांगीण विकास पर भी विशेष ध्यान दिया जाए। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों में सामान्य ज्ञान, तार्किक क्षमता, नैतिक मूल्यों तथा पाठ्य सहगामी गतिविधियों जैसे खेल, सांस्कृतिक कार्यक्रम, कला, वाद-विवाद और रचनात्मक गतिविधियों को भी बढ़ावा दिया जाए। डीएम मनीष बंसल ने कहा कि वर्तमान समय प्रतिस्पर्धा का युग है और ऐसे में बच्चों को शुरू से ही बहुआयामी शिक्षा उपलब्ध कराना आवश्यक है। यदि छात्रों का बौद्धिक, मानसिक और सामाजिक विकास समान रूप से किया जाएगा तो वे भविष्य की चुनौतियों का बेहतर तरीके से सामना कर सकेंगे। उन्होंने शिक्षकों से बच्चों की नियमित पढ़ाई के साथ उनकी जिज्ञासा और सीखने की क्षमता विकसित करने पर भी जोर देने को कहा। साथ ही विद्यालयों में अनुशासन, स्वच्छता और सकारात्मक शैक्षणिक वातावरण बनाए रखने के निर्देश दिए।जिलाधिकारी ने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप प्रत्येक बच्चे को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराना प्रशासन की प्राथमिकता है और इस दिशा में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी।

# कलेक्ट्रेट में बैठक कर कसे अधिकारियों के पेंच

## बी-पैक्स कम्प्यूटरीकरण एवं ई-पैक्स प्रस्तावों को मंजूरी

● टीनएफ टुडे ●

**आगरा।** जिलाधिकारी मनीष बंसल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय कार्यान्वयन/निगरानी समिति एवं सहकारी विकास समिति की बी-पैक्स के कम्प्यूटराइजेइशन व अन्य बिंदुओं पर समीक्षा बैठक हुई। इसमें विभिन्न एजेण्डा विंदु समिति के समक्ष रखे गए। बैठक में पैक्स कम्प्यूटराइजेशन योजनान्तर्गत प्रथम एवं द्वितीय चरण में चयनित बी-पैक्स व तृतीय चरण में चयनित 43 समितियों पर उपलब्ध कराये गये। हार्डवेयर आपूर्ति व इन्स्टॉलेशन के पश्चात अनुमोदन, पैक्स कम्प्यूटराइजेशन योजनान्तर्गत प्रथम एवं द्वितीय चरण में चयनित बी-पैक्स में वर्णित अनरिकन्साइल्ड खातों की धनराशि का समाधानीकरण के उपरान्त सत्यापित विरासित राशि को ईआरपी सॉफ्टवेयर के ऑडिट मॉड्यूल के अनरिकन्साइल्ड ऑप्शन के माध्यम से सॉफ्टवेयर में अपडेट कराये जाने का अनुमोदन, पैक्स कम्प्यूटराइजेशन योजनान्तर्गत प्रथम एवं द्वितीय चरण में चयनित बी-पैक्स को ई-पैक्स में घोषित करने के उपरान्त अनुमोदन, विभाजन उपरान्त नवगठित बी-पैक्स कुन्डौल एवं बिचपुरी को कम्प्यूटराइजेशन में सम्मिलित करने पर विचार किया गया। बैठक में सहकारी विकास समिति (डीसीडीसी) में नवगठित 12 बी-पैक्स समितियों हेतु प्रति समिति 2.00 लाख रुपये डीसीडीसी की बैठक में अनुमोदन किया गया। बैठक में जिला सहकारी बैंक में जनपद की सभी दुग्ध विकास समितियों, मत्स्य विभाग द्वारा गठित समितियों के खाते खुलवाने हेतु अनुरोध किया गया। जिलाधिकारी ने संबंधित को तद संबंधी कार्यवाही करने के निर्देश दिए। बैठक में सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंधक सहकारिता श्री सतीश कुमार, जिला सहकारी बैंक के प्रबंधक, भूमि विकास बैंक सभी एडीसीओ, सचिव

# श्रीजगन्नाथ रथयात्रा का तैयारी में जुटे भक्तजन, 16 जुलाई को होगा भव्य आयोजन

- नंदीघोष रथ पर 16 जुलाई को भक्तों को दर्शन देने नगर भ्रमण पर निकलेंगे श्रीजगन्नाथ जी, 14 जुलाई को नव यौवन वेश में देंगे दर्शन
- कमला नगर स्थित श्रीजगन्नाथ जी मंदिर इस्कॉन (अन्तर्राष्ट्रीय श्रीकृष्ण भावनामृत संघ) द्वारा किया जा रहा श्रीजगन्नाथ रथयात्रा महोत्सव का आयोजन

● टीनएफ टुडे ●




**आगरा।** 14 दिन बीमारी के उपचार के उपरान्त श्रीजगन्नाथ जी बहन सुभद्रा और बाई बलराम संग भक्तों को दर्शन देने 16 जुलाई को भव्य रथयात्रा में नगर भ्रमण को निकलेंगे। बल्केश्वर स्थित महादेव मंदिर से नंदीघोष रथ पर विराजमान भगवान के रथ को भक्तजन हाथों से खींचकर क्षेत्र में भ्रमण कराते हुए श्रीजगन्नाथ मंदिर तक लेकर जाएंगे। 14 दिन बाद स्वस्थ होकर श्रीजगन्नाथ जी भक्तों को 14 जुलाई को आयोजित नयन उत्सव में (नव यौवन वेश में) दर्शन देंगे और 15 जुलाई को भव्य फूल बंगला व छप्पन भोगकाआयोजन किया जाएगा। इस्कॉन (अन्तर्राष्ट्रीय श्रीकृष्ण भावनामृत संघ) द्वारा श्रीजगन्नाथ रथयात्रा महोत्सव का आयोजन में स्थानीय श्रद्धालुओं के साथ देश विदेश के हजारों भक्त भी भाग लेने पहुंचेंगे। कमला नगर स्थित श्रीजगन्नाथ मंदिर में आयोजित आमंत्रण पत्र विमोचन कार्यक्रम में इस्कॉन मंदिर आगरा के अध्यक्ष अरविद स्वरूप ने जानकारी देते हुए बताया कि 16 जुलाई को भक्तिभाव के साथ श्रीजगन्नाथ रथयात्रा का आयोजन किया जा रहा है। बल्केश्वर स्थित महालक्ष्मी मंदिर से दोपहर 3 बजे प्रारम्भ होकर यात्रा बल्केश्वर, कमला नगर क्षेत्र में भ्रमण करते हुए इस्कॉन मंदिर रश्मि नगर पहुंचेगी। श्रीहरि के रथ को भक्तजन रस्सी से खींचकर मंदिर तक ले जाएंगे। जगह-जगह यात्रा का स्वागत किया जाएगा। इससे पूर्व 10, 11 12, 13 जुलाई को शहरवासियों को रथयात्रा में आमंत्रित करने के लिए शहर के विभिन्न क्षेत्रों में आमंत्रण यात्रा निकाली जाएगी। नितेश अग्रवाल ने बताया 10 से 13 जुलाई तक विभिन्न क्षेत्रों में मंत्रण यात्रा निकाली जाएंगी।

जिसमें लगभग एक लाख लोगों को खिचड़ी का प्रसाद बांटने का लक्ष्य रखा गया है। श्रीहरि 14 जुलाई को मंदिर परिसर में आयोजित नयन उत्सव में भक्तों को दर्शन देंगे। जहां 14 दिन तक श्रीहरि के उपाचार व सादा भोजन के बाद छप्पन भोग का प्रसाद लगाया जाएगा। 56 भोग भक्तों द्वारा पकाकर मंदिर में लाया जाएगा। अरविन्द प्रभु ने सभी भक्तों को अधिक से अधिक संख्या में रथयात्रा में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया। इस अवसर पर मुख्य रूप से सुधीर ग्रवाल, शैलेश बंसल, अनूप अग्रवाल, अखिल मोहन मित्तल, विमल नयन फतेहपुरिया, अमित मित्तल, दीपक प्रह्लाद मित्तल, राजीव मल्होत्रा, अनुज अग्रवाल, मनीष गुप्ता, रमेश यादव, ओमप्रकाश अग्रवाल, अदिति गौरांगी, विष्णु शर्मा, अंशुल अग्रवाल, रविन्द्र कुमार ग्रवाल, अंकित अग्रवाल, जितेन्द्र गोयल आदि उपस्थित थे।

### 12 जुलाई से प्रारम्भ होगा गुण्डिचा मार्जन

आगरा। आगरा इस्कॉन मंदिर के अध्यक्ष अरविन्द प्रभु ने बताया कि 12 जुलाई से गुण्डिचा मार्जन प्रारम्भ हो जाएगा। गुण्डिचा मार्जन मंदिर की सफाई की एक प्रक्रिया है, जो पुरी में वार्षिक रथयात्रा से पहले की जाती है। यह भगवान श्रीजगन्नाथ, बलभद्र और सुभद्रा की मूर्तियों के गुंडिचा मंदिर में प्रवास के लिए मंदिर को तैयार करने का अनुष्ठान है, जिसमें मंदिर में रंग रोगन, सफाई करके व पुष्पों से सजाकर तैयार किया जाता है। मान्यता है कि इस सफाई से न केवल मंदिर बल्कि भक्तों का हृदय भी शुद्ध होता है।

# बृज क्षेत्र अध्यक्ष के स्वागत में अनिकेत तोमर का शक्ति प्रदर्शन

- नव-नियुक्त ब्रज क्षेत्र अध्यक्ष पूरनलाल लोधी का आगरा में 'दिव्य और भव्य' ऐतिहासिक स्वागत

● टीनएफ टुडे ●



**आगरा।** भारतीय जनता पार्टी ब्रज क्षेत्र के नवनियुक्त क्षेत्रीय अध्यक्ष पूरनलाल लोधी के प्रथम आगरा आगमन पर आज फतेहाबाद रोड स्थित होटल अमर के बाहर एक अभूतपूर्व और ऐतिहासिक विधिक जनसैलाब उमड़ पड़ा। भाजपा जिला अध्यक्ष प्रशांत पौनिया के कुशल निर्देशन में युवा मोर्चा के कद्दावर जिला उपाध्यक्ष अनिकेत तोमर और उनकी ऊजार्वान टीम के नेतृत्व में हुए इस भव्य स्वागत कार्यक्रम ने ब्रज क्षेत्र की सियासत में जबरदस्त हलचल पैदा कर दी है। हजारों जोशीले कार्यकताओं की गगनभेदी नारेबाजी, ढोल-नगाड़ों और अभूतपूर्व विधिक अनुशासन के बीच हुए इस 'दिव्य' स्वागत के बाद पूरे ब्रज क्षेत्र के राजनीतिक गलियारों में युवा नेता अनिकेत तोमर की संगठनात्मक क्षमता की जमकर प्रशंसा और चर्चा हो रही है। गौरतलब है कि भारतीय जनता पार्टी ब्रज क्षेत्र के नव-निर्वाचित और सम्मानित क्षेत्रीय अध्यक्ष आदरणीय पूरनलाल लोधी का आगरा की पावन धरा पर प्रथम आगमन किसी ऐतिहासिक महा-उत्सव में बदल गया। भाजपा के जिला अध्यक्ष आदरणीय प्रशांत पौनिया के कुशल एवं विधिक मार्गदर्शन में इस पूरे महा-आयोजन को भव्य और दिव्य बनाने का जिम्मा भाजपा युवा मोर्चा के जुझारू जिला उपाध्यक्ष अनिकेत तोमर ने संभाला था। अनिकेत तोमर के एक आह्वान पर होटल अमर (फतेहाबाद रोड) के सामने सैकड़ों की संख्या में पहुंचे युवा कार्यकताओं ने जिस जोशीले और विधिक अंदाज में क्षेत्रीय अध्यक्ष का अभिनंदन किया, उसने आगरा भाजपा के इतिहास में एक नया अध्याय लिख दिया है। इस गरिमामयी कार्यक्रम में युवा मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष अनिकेत तोमर और उनकी पूरी टीम ने अपनी बेमिसाल विधिक प्रबंधन क्षमता का लोहा मनवाया है। कड़ाके के उत्साह के बीच हजारों कार्यकताओं के इस अनुशासित और विशाल जमावड़े ने कार्यक्रम के बाद पूरे ब्रज क्षेत्र में एक गहरा वैचारिक माहौल बना दिया है। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि अनिकेत तोमर के विधिक एवं कुशल नेतृत्व में किए गए इस जोरदार स्वागत ने विपक्षी खेमों में तो सियासी खलबली मचाई ही है, साथ ही संगठन में युवाओं की बढ़ती ताकत का भी अहसास कराया है। क्षेत्रीय अध्यक्ष पूरनलाल लोधी के इस भव्य विधिक स्वागत समारोह की गरिमा बढ़ाने के लिए भाजपा के कई शीर्ष और सम्मानित चेहरे मंच पर मौजूद रहे। कार्यक्रम में मुख्य रूप से फतेहाबाद के लोकप्रिय विधायक छोटेलाल वर्मा, शमशाबाद के पूर्व ब्लॉक प्रमुख ठाकुर मान सिंह, भाजपा के जिला कोषाध्यक्ष नीरज परमार, प्रखर युवा नेता पंडित मानवेंद्र गुर्जर और गोविंद तोमर सहित कई विधिक पदाधिकारी व वरिष्ठ कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# टीबी मुक्त भारत अभियान में पूरे प्रदेश में प्राप्त किया प्रथम स्थान

- सेंट्रल टीबी डिवीजन, नई दिल्ली एवं स्टेट टीबी सेल, लखनऊ ने जारी की रैंकिंग

● टीनएफ टुडे ●









**आगरा।** राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत संचालित टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत 24 मार्च, 2026 से 07 जून, 2026 की अवधि के लिए सेंट्रल टीबी डिवीजन, नई दिल्ली एवं स्टेट टीबी सेल, लखनऊ द्वारा जारी जनपदवार प्रदर्शन रैंकिंग में जनपद आगरा ने उत्तर प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त कर उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अरुण कुमार श्रीवास्तव ने इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि जनपद आगरा की यह सफलता जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ सुखेश गुप्ता के नेतृत्व में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों, राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम की समर्पित टीम, चिकित्सकों, लैब टेक्नीशियन, आशा कार्यकताओं, निक्षय मित्रों तथा सभी सहयोगी संस्थाओं के सामूहिक प्रयासों का परिणाम है। उन्होंने कहा कि टीबी मरीजों की समय पर पहचान, आधुनिक तकनीकों के माध्यम से गुणवत्तापूर्ण जांच, शीघ्र उपचार प्रारम्भ करना, टीबी निवारक उपचार का प्रभावी क्रियान्वयन, निक्षय पोषण सहायता तथा मरीजों की नियमित फॉलो-अप व्यवस्था ने जनपद को इस उत्कृष्ट उपलब्धि तक पहुँचाया है। जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ सुखेश गुप्ता ने बताया कि यह रैंकिंग टीबी उन्मूलन कार्यक्रम के छह प्रमुख प्रदर्शन सूचकांकों के आधार पर जारी की गई। आगरा ने सभी छह इंडिकेटर्स एक्स-रे एलिमिनेशन रेट, नाट टेस्ट, डिफरेंसिएटेड टीबी केयर, टीपीटी हाउस होल्ड कॉन्टेक्ट, टीबी मरीजों को न्यूट्रिशन किट की उपलब्धता और डीएसटीबी की सफलता दर में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रत्येक में निर्धारित 3 में से 3 अंक प्राप्त किए तथा कुल 18 में से 18 अंक (100 प्रतिशत) अर्जित कर प्रदेश में शीर्ष स्थान प्राप्त किया। डीटीओ डॉ सुखेश गुप्ता ने जनपदवासियों से अपील की है कि यदि किसी व्यक्ति को दो सप्ताह या उससे अधिक समय से लगातार खाँसी, बुखार, वजन में कमी, भूख न लगना अथवा बलगम में खून आने जैसे लक्षण हों तो निकटतम सरकारी स्वास्थ्य केन्द्र पर निःशुल्क टीबी जांच अवश्य कराएँ। समय पर जांच और उपचार से टीबी पूर्णतः ठीक हो सकती है। जनसहभागिता एवं जागरूकता के माध्यम से ही टीबी मुक्त आगरा और टीबी मुक्त भारत का लक्ष्य साकार किया जा सकता है।

**टीएनएफ टुडे** मीडिया नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड के लिए **धीरज शर्मा** द्वारा श्रीराम मार्केट फूलपुर अड्डा, देवरी रोड, फतेहाबाद आगरा से प्रकाशित एवं मुद्रक पवन पाठक द्वारा इम्प्रैशन प्रिंटिंग एंड पैकेजिंग लिमिटेड गुरू का ताल सिकंदरा रोड आगरा से मुद्रित।
**संपादक: धीरज शर्मा**, फोनः 9412359817, E mail: tnftoday.com@gmail.com वेबसाइटः www.tnftoday.com
पंजीयन नं. UPHIN/25/A3702 (संपादक इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.पी. एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी।)

सम्पादकीय

# ताकि फिर कहानी न दुहरे

गंभीर अपराधों में गिरफ्तार मंत्रियों को 30 दिन की लगातार हिरासत के बाद पद से हटाने से जुड़े संविधान के 130वें संशोधन विधेयक पर संसद की संयुक्त संसदीय समिति 17 जुलाई को अपनी रिपोर्ट अपनाने जा रही है। केंद्र की मोदी सरकार इस विधेयक को शासन में पारदर्शिता, जवाबदेही और प्रशासनिक निरंतरता सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम के रूप में देख रही है। सरकार का मानना है कि यदि कोई मुख्यमंत्री, प्रधानमंत्री या मंत्री लंबे समय तक जेल में रहते हुए पद पर बना रहता है तो शासन व्यवस्था प्रभावित होती है और जनता को नुकसान उठाना पड़ता है। हम आपको याद दिला दें कि दिल्ली में अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के दौरान ऐसा ही विवाद सामने आया था, जब उन्होंने जेल से ही सरकार चलाई थी। देखा जाये तो ऐसी स्थितियां लोकतांत्रिक जवाबदेही और सुशासन की भावना के विपरीत हैं, इसलिए इस तरह की परिस्थितियों को रोकने के लिए स्पष्ट संवैधानिक व्यवस्था जरूरी है।माना जा रहा है कि यह विधेयक संसद के आगामी मानसून सत्र में लाया जाएगा। संसद का मानसून सत्र 20 जुलाई से शुरू होने की संभावना है और उसी दौरान इस विधेयक पर चर्चा तथा पारित कराने की प्रक्रिया आगे बढ़ाई जा सकती है। हम आपको याद दिला दें कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने पिछले वर्ष अगस्त में यह विधेयक संसद में पेश किया था। इसके बाद भारतीय जनता पार्टी की सांसद अपराजिता सारंगी की अध्यक्षता में 31 सदस्यीय संयुक्त संसदीय समिति का गठन किया गया, जिसे विधेयक के विभिन्न पहलुओं की समीक्षा का दायित्व सौंपा गया था। समिति की कार्यवाही के दौरान विपक्षी दलों और सत्तापक्ष के बीच तीखा मतभेद देखने को मिला। कांग्रेस सहित विपक्षी गठबंधन इंडिया के अधिकांश सदस्यों ने समिति की बैठकों का बहिष्कार किया। विपक्ष का आरोप था कि समिति में सत्तारुढ़ दल का बहुमत होने के कारण उनकी आपत्तियों को नजरअंदाज कर दिया जाएगा और समिति केवल औपचारिक मंजूरी देने वाली संस्था बनकर रह जाएगी। विपक्षी नेताओं का कहना था कि ऐसे माहौल में भागीदारी का कोई वास्तविक अर्थ नहीं है। वहीं सत्तारुढ़ गठबंधन से जुड़े सदस्यों ने विपक्ष के इन आरोपों को खारिज किया। उनका तर्क है कि प्रस्तावित कानून लोकतांत्रिक व्यवस्था या संघीय ढांचे के खिलाफ नहीं है। विपक्ष का कहना रहा है कि केवल हिरासत के आधार पर किसी जनप्रतिनिधि को दंडित करना प्राकृतिक न्याय के मूल सिद्धांत के विपरीत है, क्योंकि अदालत द्वारा दोष सिद्ध होने से पहले ही मंत्री को पद से हटाया जाना अनुचित माना जा सकता है। इसके जवाब में सत्तापक्ष के सदस्यों ने दलील दी कि लगातार 30 दिन की हिरासत के दौरान संबंधित व्यक्ति को कम से कम तीन बार जमानत मांगने का अवसर मिल सकता है। इसलिए यह कानून प्राकृतिक न्याय के सिद्धांत का उल्लंघन नहीं करता।यह भी बता दें कि इस विधेयक के समर्थक यह भी तर्क दे रहे हैं कि इसका उद्देश्य केवल कानूनी जवाबदेही तय करना नहीं, बल्कि शासन व्यवस्था को ठप होने से बचाना भी है। दिल्ली के तत्कालीन मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के दौरान ऐसी स्थिति देखने को मिली थी जब उन्होंने जेल में रहते हुए भी मुख्यमंत्री पद नहीं छोड़ा था। आम आदमी पार्टी ने उस समय कहा था कि वह जेल से ही सरकार चलाएंगे। हालांकि उस दौर में दिल्ली सरकार के कामकाज और प्रशासनिक फैसलों को लेकर लगातार सवाल उठे थे। अरविंद केजरीवाल के जेल में रहने तक दिल्ली में राज्य सरकार के मंत्रिमंडल की बैठकें नहीं हो सकीं थीं जिससे प्रशासनिक निर्णय प्रभावित हुए और इसका असर सीधे जनता पर पड़ा था। इसी तरह तमिलनाडु में भी वी. सेंथिल बालाजी का मामला राजनीतिक बहस का केंद्र बना था। धन शोधन मामले में गिरफ्तारी के बाद भी वह लंबे समय तक मंत्री पद पर बने रहे और जेल में रहते हुए सरकार का हिस्सा माने जाते रहे। विधेयक के समर्थकों का कहना है कि ऐसे उदाहरण बताते हैं कि यदि कोई जनप्रतिनिधि लंबे समय तक हिरासत में रहता है तो शासन व्यवस्था, जवाबदेही और प्रशासनिक पारदर्शिता प्रभावित हो सकती है। इसलिए इस तरह की स्थिति दोबारा पैदा न हो, इसके लिए स्पष्ट संवैधानिक व्यवस्था जरूरी मानी जा रही है। बहरहाल, यह विधेयक अब केवल कानूनी प्रस्ताव भर नहीं रह गया है, बल्कि यह राजनीतिक जवाबदेही, प्राकृतिक न्याय और लोकतांत्रिक मयार्दाओं के बीच संतुलन को लेकर राष्ट्रीय बहस का विषय बन चुका है। संसद के आगामी मानसून सत्र में इस पर होने वाली चर्चा से यह तय होगा कि देश की राजनीतिक व्यवस्था में जवाबदेही और अधिकारों के बीच संतुलन किस दिशा में आगे बढ़ेगा।

# योगी के घर लंच, केशव के घर चाय और ब्रजेश के घर आम पार्टी के जरिये भाजपा ने दिया बड़ा संदेश

> "ताज होटल में आयोजित राजग सहयोगियों की बैठक में राष्ट्रीय लोक दल, निषाद पार्टी, सुभासपा और अपना दल के नेताओं ने जिस तरह 2027 में ऐतिहासिक जीत का दावा किया, उसने भाजपा की चुनावी तैयारियों को और स्पष्ट कर दिया। केशव प्रसाद मौर्य ने साफ शब्दों में कहा कि भाजपा 2027 में योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में लगातार तीसरी बार सरकार बनाएगी। उन्होंने समाजवादी पार्टी पर हमला बोलते हुए कहा कि जनता विकास, सुशासन और सुरक्षा चाहती है, न कि गुंडाराज और परिवारवाद।

उत्तर प्रदेश की राजनीति में रविवार को केवल दावतें नहीं हुईं, बल्कि भाजपा ने लंच, मैंगो पार्टी और चाय पार्टी के जरिए 2027 की चुनावी एकजुटता का खुला संदेश दिया। देखा जाये तो उत्तर प्रदेश की राजनीति में कुछ दृश्य केवल राजनीतिक कार्यक्रम नहीं होते बल्कि वे सीधे सत्ता और संगठन के भीतर के संदेश बन जाते हैं। वर्ष 2022 के चुनावों से ठीक पहले जिस तरह मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के घर पहुंचे थे, उसी राजनीतिक संकेत को भाजपा ने इस बार और ज्यादा व्यापक रूप में दोहराया। फर्क सिर्फ इतना रहा कि इस बार तस्वीर और भी ज्यादा मजबूत दिखाई दी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आवास पर भाजपा अध्यक्ष नितिन नवीन और वरिष्ठ नेताओं का साथ में लंच, फिर उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक के यहां मैंगो पार्टी और उसके बाद उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के घर चाय पार्टी ने साफ कर दिया कि भाजपा का शीर्ष नेतृत्व उत्तर प्रदेश में किसी भी तरह के मतभेद की अटकलों को पूरी तरह खत्म करना चाहता है। योगी, केशव और ब्रजेश की साझा मौजूदगी ने केंद्रीय नेतृत्व को यह भरोसा दिला दिया कि 2027 का चुनाव भाजपा पूरी राजनीतिक एकजुटता, संगठनात्मक तालमेल और साझा रणनीति के साथ लड़ेगी। सत्ता, संगठन और सामाजिक समीकरणों को एक मंच पर लाकर भाजपा ने यह संदेश दे दिया कि चुनावी बिगुल बज चुका है और पार्टी अब पूरी ताकत के साथ मैदान में उतर चुकी है।

लेकिन असली राजनीतिक संदेश तब सामने आया जब औपचारिक बैठकों के बाद भाजपा नेतृत्व ने अपने अंदाज को पूरी तरह राजनीतिक प्रतीकों में बदल दिया। सबसे पहले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, भाजपा अध्यक्ष नितिन नवीन, उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी और अन्य वरिष्ठ नेता उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक के आवास पहुंचे, जहां आम पार्टी आयोजित की गई थी। राजनीतिक तपिश के बीच आम की मिठास ने माहौल को हल्का जरूर किया, लेकिन इसके भीतर छिपा संदेश बेहद गंभीर था।

ब्रजेश पाठक ने सभी नेताओं का स्वागत किया और प्रदेश के प्रसिद्ध आम परोसे। माहौल में राजनीतिक तनाव की जगह सहज बातचीत, हंसी और आत्मीयता दिखाई दी। सबसे चर्चित क्षण तब आया जब मुख्यमंत्री



योगी आदित्यनाथ ने अपने हाथ में आम उठाया, उसे दांतों से छीलते हुए मुस्कुराए और फिर उसका स्वाद लिया। वहां मौजूद नेताओं के बीच ठहाके गूंज उठे। यह दृश्य केवल एक अनौपचारिक क्षण नहीं था, बल्कि भाजपा नेतृत्व की अंदरूनी सहजता और पारस्परिक विश्वास का सार्वजनिक प्रदर्शन भी था।

आम पार्टी के बाद पूरा काफिला उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के आवास पहुंचा, जहां चाय पार्टी आयोजित की गई। यहां नितिन नवीन का पारंपरिक अंगवस्त्र पहनाकर स्वागत किया गया और उन्हें भगवान बुद्ध की प्रतिमा भेंट की गई। योगी आदित्यनाथ, बीएल संतोष, ब्रजेश पाठक और अन्य वरिष्ठ नेताओं की मौजूदगी ने इस मुलाकात को और अधिक राजनीतिक महत्व दे दिया।

दरअसल, भाजपा अच्छी तरह जानती है कि उत्तर प्रदेश का चुनाव केवल विकास योजनाओं या चुनावी नारों से नहीं जीता जाता, बल्कि संगठनात्मक एकजुटता और सामाजिक समीकरणों की मजबूती भी उतनी ही महत्वपूर्ण होती है। यही कारण है कि 2022 से पहले जिस तरह योगी आदित्यनाथ का केशव मौर्य के घर जाना चर्चा का केंद्र बना था, उसी तरह इस बार भी वही तस्वीर दोहराकर भाजपा ने यह संदेश देने की कोशिश की कि पार्टी में कोई दूरी नहीं है, कोई खेमेबाजी नहीं है और पूरा नेतृत्व एक साथ खड़ा है।

नितिन नवीन ने भी अपने पूरे दौरे के दौरान बार-बार यही संकेत दिया कि यह समय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में भाजपा के विस्तार का समय है। भाजपा की रणनीति साफ दिखाई दी। एक ओर संगठन को सक्रिय करना, दूसरी ओर राजग सहयोगियों को साथ लेकर चलना और तीसरी ओर नेतृत्व की एकजुट तस्वीर को जनता के सामने रखना।

ताज होटल में आयोजित राजग सहयोगियों की बैठक में राष्ट्रीय लोक दल, निषाद पार्टी, सुभासपा और अपना दल के नेताओं ने जिस तरह 2027 में ऐतिहासिक जीत का दावा किया, उसने भाजपा की चुनावी तैयारियों को और स्पष्ट कर दिया। केशव प्रसाद मौर्य ने साफ शब्दों में कहा कि भाजपा 2027 में योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में लगातार तीसरी बार सरकार बनाएगी। उन्होंने समाजवादी पार्टी पर हमला बोलते हुए कहा कि जनता विकास, सुशासन और सुरक्षा चाहती है, न कि गुंडाराज और परिवारवाद।

देखा जाये तो भाजपा की पूरी कवायद का सबसे बड़ा संदेश यही था कि उत्तर प्रदेश में 2027 का चुनाव केवल सीटों का संघर्ष नहीं होगा, बल्कि राजनीतिक मनोबल, संगठनात्मक शक्ति और नेतृत्व की एकजुटता की भी परीक्षा होगा। योगी आदित्यनाथ, केशव प्रसाद मौर्य और ब्रजेश पाठक की एक साथ मौजूदगी ने यह साफ कर दिया कि भाजपा ने चुनावी बिगुल फूंक दिया है और पार्टी अब हर स्तर पर अपने कार्यकताओं, सहयोगियों और समर्थकों को यह भरोसा दिलाना चाहती है कि सत्ता और संगठन दोनों पूरी तरह एक सुर में हैं। लखनऊ में रविवार को दिखाई दी यह राजनीतिक तस्वीर केवल चाय और आम पार्टी की तस्वीर नहीं थी, बल्कि 2027 की चुनावी पटकथा का पहला सार्वजनिक दृश्य थी।

-नीरज कुमार दुवे

# उज्जैन से अयोध्या यात्राः दिग्विजय फिर सुर्खियों में

देश में बदलाव की लहर शुरू हो गई है। विपक्ष के दूसरे दल कांग्रेस के साथ जुड़ रहे हैं। उत्तर प्रदेश में जहां चुनाव हैं। वहां अखिलेश यादव कांग्रेस के साथ मिलकर चुनाव लड़ने का पैगाम बार-बार दे रहे हैं। राहुल भी उसी तरह का गर्मजोशी का जवाब दे रहे हैं। इंडिया गठबंधन मजबूत हो रहा है और जो इस दायरे से बाहर भी है वे भी मुद्दों पर साथ आ रहे हैं।

दिग्विजय सिंह ने बाजी पलट दी। उनके खिलाफ कांग्रेस में ही जो माहौल बनाया जा रहा था वह उनकी एक घोषणा से छिन्न-भिन्न हो गया। उन्हें जो राजनीति का चाणक्य कहा जाता था वह उन्होंने साबित कर के दिखा दिया।

उज्जैन के महाकाल मंदिर से अयोध्या के श्रीराम मंदिर तक की पद यात्रा की घोषणा से मध्य प्रदेश के वे सब कांग्रेसी चौंक गए, सदमे में आ गए जो सोच रहे थे कि उन्होंने दिग्विजय को राजनीति से खत्म कर दिया।

दिग्विजय की यह घोषणा एक धमाके की तरह थी। वे कांग्रेसी रक्षात्मक मुद्रा में चले गए जिन्होंने पार्टी की पोलिटिकल कमेटी की मीटिंग में दिग्विजय पर भाजपा का स्लीपर सेल होने से लेकर मध्य प्रदेश में कांग्रेस की हार के जिम्मेदार, पुत्र मोह तक के आरोप लगा दिए। विधायक आरिफ मसूद को बाकायदा सफाई देना पड़ी कि उन्होंने स्लीपर सेल नहीं कहा। मौके के फायदा उठाकर राजनीतिक वनवास में जा चुके सत्यव्रत चतुर्वेदी की बेटी ने भी आरोप लगा दिए कि उन्होंने कांग्रेस पर कब्जा कर रखा है। इस मामले में कोई दो राय नहीं कि दिग्विजय के 50 साल से ज्यादा के लंबे राजनीतिक सफर




में कांग्रेस में कई लोगों से उनकी प्रतिद्वंद्विता रही। सत्यव्रत चतुर्वेदी भी उनमें से एक थे मगर वे भाजपा के लिए काम करते हैं इस आरोप को कोई नहीं मानेगा। खुद चतुर्वेदी को कांग्रेस से निष्कासित किया जा चुका है। उनके बेटे को भी जो 2018 विधानसभा में सपा से चुनाव लड़ा था। मगर इस समय एकाएक सबको लगा कि इस समय दिग्विजय का विकेट कमजोर है उसे गिरा दो। राजनीति में यह होता है कि अगर लगे कि किसी को दिल्ली का समर्थन नहीं है तो लोग तत्काल पाला बदल लेते हैं। मध्य प्रदेश में तो यह बहुत होता है। दोनों पार्टियों में। भाजपा में उमा भारती के साथ हुआ। इसके बावजूद की 2003 में भाजपा को सत्ता में वही लाईं थीं और फिर रोज शिवराज की जय जयकार करने वाले किस तरह मोहन यादव में मोहन युग देखने लगे यह भी सब देख रहे हैं। इससे पहले के नेताओं कैलाश जोशी वगैरह के साथ भी।

कांग्रेस में तो यह और ज्यादा शोर के साथ होता है। शुक्ल बंधु श्यामाचरण और विद्याचरण किस तरह अलग थलग पड़ गए सबने देखा। उनका पावर भी लोगों को याद है। मगर समय बदला तो एक आदमी भी उनके साथ नहीं होता था। और यह सब के साथ हुआ डीपी मिश्रा, प्रकाशचन्द्र सेठी, अर्जुन सिंह सत्ता में न रहने और हाईकमान का हाथ हटने के बाद एकदम अकेले पड़ गए। यही कोशिश दिग्विजय के साथ थी। मगर मध्य प्रदेश की राजनीति में यह पहली बार हुआ कि किसी ने समय की धारा को बदला हो। देश की राजनीति में यह काम नेहरू गांधी परिवार करता रहा। 1980 में इन्दिरा गांधी ने वापसी की। 2004 में सोनिया गांधी ने और 2022 में राहुल ने भारत जोड़ो यात्रा निकालकर। और उसके बाद लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष बनकर खुद का नेतृत्व साबित कर दिया और कांग्रेस सहित पूरे विपक्ष में उम्मीदें भर दीं। यह समय राहुल का है। मोदी हर मोर्चे पर डिफेन्सिव हैं। राजनीति में वापसी के लिए सबसे जरूरी चीज होती है-विल पावर। मजबूत इच्छाशक्ति। राहुल लगातार वह दिखा रहे हैं और इधर दिग्विजय ने भी वही दिखाई है। कुछ ही महीनों बाद 80 के हो जाएंगे। जब सार्वजिनक घोषणा करने से पहले खुद दोस्तों को बताया था कि इस बार राज्यसभा नहीं लेंगे तो मजाक में कहा था- बूढ़ा हो गया हूं। मगर जैसा बुंदेलखंडी में कहते हैं कि ना तो बुंदेला बुढ़ो पड़ गओ, न ही लचक गई तलवार! मतलब अगर कहीं कोई चुनौती आती है तो उम्र कोई बाधा नहीं है। 2017 में जब उन्होंने नर्मदा यात्रा की घोषणा की थी तो किसी को अंदाजा नहीं था कि वह इतनी सफल रहेगी और 2018 विधानसभा में कांग्रेस की वापसी करवा देगी। करीब 3300 किलोमीटर की यह पैदल यात्रा आधे साल से ज्यादा चली थी। पत्नी अमृता राय ने भी पूरी यात्रा पैदल साथ की।

-शकील अख्तर

## खबर या संदेश और सनसनी

# मोदी को धमकाने वाले की असलियत

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को ऑस्ट्रेलिया दौरे पर जाने से पहले जान से मारने की धमकी मिली है। पीएम मोदी 8 जुलाई से 10 जुलाई तक ऑस्ट्रेलिया में रहेंगे। जिसने पीएम मोदी को मारने की धमकी दी है, उसका नाम आपके होश उड़ा देगा। इस घटना के बाद ऑस्ट्रेलिया और भारत की सुरक्षा एजेंसियां हाई अलर्ट पर हैं। दरअसल ऑस्ट्रेलिया को लिबरल बनना बहुत महंगा पड़ रहा है। पाकिस्तानियों और खस्तानियों को पालने की जो गलती ब्रिटेन ने की वो ऑस्ट्रेलिया भी कर रहा है। कुछ समय पहले ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी एल्बनीज भाईचारा निभाने के लिए ईद के दौरान सिडनी की एक मस्जिद में पहुंचे थे। लेकिन वहां मौजूद लोगों ने प्रधानमंत्री एंथनी एल्बनीज को भागने पर मजबूर कर दिया। मस्जिद में लोगों ने एंथनी एल्बनीज से कहा कि तुम इजराइल के साथी हो। तुम भी फिलिस्तीन के गुनाहगार हो। सिर्फ 10 सेकंड में एंथनी एल्बनीज का सेकुलरिज्म और भाईचारा निकल गया। ऑस्ट्रेलिया में जो खालिस्तानियों का विरोध करता है उसके साथ भी ऐसा ही होता है। यही कारण है कि अबू मुस्तफा नाम के एक शख्स ने बिना



डरे पीएम मोदी को जान से मारने की धमकी दी है। रिपोर्ट्स के मुताबिक पीएम मोदी को 9 जुलाई के दिन मेलबर्न के मार्वल स्टेडियम में मेलबर्न मीट्स मोदी नाम के कार्यक्रम में शामिल होना है। इसी कार्यक्रम के पहले अबू मुस्तफा नाम के एक व्यक्ति ने Facebook पर पोस्ट लिखा। अबू मुस्तफा ने कहा कि कार्यक्रम के दौरान स्टेडियम की छत को बंद रखना नहीं तो ऑस्ट्रेलिया में पीएम मोदी को मार दिया जाएगा। यानी यह शख्स बोल रहा है कि वह स्टेडियम में पीएम मोदी पर हमला करेगा। ऑस्ट्रेलिया की जांच एजेंसियों ने पोस्ट करने वाले के कंप्यूटर का आईपी एड्रेस लोकेट कर लिया है। हालांकि पुलिस ने अभी तक किसी को गिरफ्तार नहीं किया है।

-अनाम

## सितारों की चालः आपका भविष्यफल

दिनांक 08 जुलाई 2026 बुधवार आषाढ़ कृष्ण नवमी

**कल का दिन कैसा होगा? इसकी तैयारी आज ही करें!**

प्रिय पाठकों, TNF टुडे हमेशा आपकी सुविधा को सर्वोपरि रखता है। इसी उद्देश्य से हम आपको एक दिन अग्रिम (Advance) राशिफल प्रदान कर रहे हैं ताकि आप अपने महत्वपूर्ण कार्यों, बैठकों और यात्राओं की योजना आज रात ही बना सकें। सितारों की चाल जानकर संभावित चुनौतियों के प्रति पहले से सजग रहना ही सफलता की पहली सीढ़ी है।



मार्गदर्शनः आचार्य दीदी
डॉ. सरस्वती देवकृष्ण गौड़
(एस्ट्रो वास्तु शोधनम)
मो. 9119336673

### शुभकार्य हेतु आज का चंद्रबल

आज वृष मिथुन सिंह कन्या तुला और मीन राशि के जातकों का आत्मबल मानसिक उत्साह और भाग्य का सहयोग बहुत उत्तम रहेगा। बुधवार का दिन साक्षात बुद्धि के प्रदाता भगवान विघ्नहर्ता गणेश जी और बुध देव की साधना और उपासना के लिए विशेष रूप से फलदायी माना जाता है। आज के दिन गणेश जी को दूर्वा अर्पित करना मोदक का भोग लगाना और हरे रंग के वस्त्र धारण करना जीवन में असीम बुद्धि विवेक सामाजिक मान सम्मान आरोग्यता और व्यापारिक सुख समृद्धि में भारी वृद्धि लेकर आता है।

### मेष

आज आपकी सामाजिक प्रतिष्ठा और राजनैतिक प्रभाव में भारी वृद्धि होगी जिससे कार्यक्षेत्र में आपका वर्चस्व बढ़ेगा और सोचे हुए सभी सरकारी काम गति पकड़ेंगे। व्यापारिक क्षेत्र में चल रही पुरानी मंदी आज पूरी तरह समाप्त होगी और अचानक नए माध्यमों से प्रचुर धन लाभ होने के सुंदर योग बन रहे हैं। भगवान गणेश जी को दूर्वा अर्पित करें जिससे आपके मार्ग की सभी बाधाएं हमेशा के लिए दूर होंगी।

### वृष

आज का दिन आपके लिए आर्थिक और पारिवारिक दृष्टिकोण से अत्यंत भाग्यशाली सिद्ध होगा और भूमि भवन से जुड़े पुराने विवाद पूरी तरह हल होंगे। कार्यक्षेत्र में वरिष्ठ अधिकारियों के सहयोग से आपको किसी बड़े और प्रतिष्ठित कार्य की जिम्मेदारी मिल सकती है जिससे मन अत्यंत प्रसन्न रहेगा। मुख्य द्वार पर शुद्ध घी का दीपक जलाएं जिससे आपके घर में स्थाई सुख और ऐश्वर्य का वास होगा।

### मिथुन

आज आप अपनी तीव्र बुद्धिमत्ता और प्रखर वाणी के बल पर जटिल से जटिल सांगठनिक और व्यापारिक समस्याओं को बेहद आसानी से हल कर लेंगे। स्वास्थ्य के प्रति बिल्कुल भी लापरवाही न बरतें और विशेष रूप से अत्यधिक काम के बोझ के कारण होने वाली शारीरिक थकावट से खुद को बचाएं। किसी जरूरतमंद को हरी मूंग की दाल का दान करें जिससे आपके भाग्य के बंद द्वार शीघ्र खुलेंगे।

### कर्क

मानसिक रूप से आज आप खुद को अत्यधिक ऊजार्वान और शांत महसूस करेंगे जिससे किसी बड़े व्यावसायिक निवेश का निर्णय लेने में आपको सफलता मिलेगी। परिवार की ओर से कोई अत्यंत सुखद और गौरवमयी समाचार प्राप्त हो सकता है जिससे पूरे परिवार में उल्लास का माहौल बना रहेगा। गणेश अथर्वशीर्ष का पाठ करें जिससे आपकी आर्थिक चिंताएं समाप्त होंगी।

### सिंह

आज कार्यस्थल पर सहकर्मियों या व्यावसायिक साझेदारों के साथ किसी भी प्रकार के व्यर्थ के अहंकार के टकराव से आपको पूरी तरह बचना होगा। वाहन या किसी भी प्रकार की मूल्यवान वस्तु खरीदते समय अपने बजट का विशेष ध्यान रखें और अत्यधिक फिजूलखर्ची पर नियंत्रण रखें। मस्तक पर सफेद चंदन का तिलक लगाएं जिससे राजनीति के क्षेत्र में आपकी ऐतिहासिक विजय होगी।

### कन्या

आज आपको मित्रों और वरिष्ठ सहयोगियों की मदद से किसी बड़े नए व्यावसायिक अनुबंध की प्राप्ति होगी जिससे आपकी संचित पूंजी में वृद्धि होगी। विद्यार्थियों को परीक्षा में अपनी कठिन मेहनत का बेहद सकारात्मक और मनोनुकूल परिणाम प्राप्त होने के सुंदर योग बन रहे हैं। पक्षियों के लिए अनाज की व्यवस्था करें जिससे आपके यश और कीर्ति में निरंतर वृद्धि होगी।

### तुला

आज सामाजिक और राजनैतिक क्षेत्र से जुड़े जातकों का प्रभाव क्षेत्र बढ़ेगा और समाज में उनके द्वारा किए गए कार्यों की हर स्तर पर सराहना होगी। दांपत्य जीवन में मधुरता बनी रहेगी और जीवनसाथी के सहयोग से कोई बड़ा रुका हुआ पारिवारिक काम आज आसानी से पूरा हो जाएगा। किसी मंदिर में हरी इलाइची का दान करें जिससे आपके जीवन के सभी भ्रम दूर होंगे।

### वृश्चिक

धार्मिक यात्राओं और देव दर्शन के सुंदर योग बन रहे हैं जिससे आपकी आंतरिक व्याकुलता पूरी तरह शांत होगी और मन को असीम संबल मिलेगा। व्यावसायिक क्षेत्र में किसी भी अपरिचित व्यक्ति पर जरूरत से ज्यादा भरोसा न करें अन्यथा आपको बड़ा आर्थिक नुकसान उठाना पड़ सकता है। संकट नाशन गणेश स्तोत्र का पाठ करें जिससे आपके मार्ग की सभी गुप्त राजनैतिक बाधाएं दूर होंगी।

### धनु

आज सेहत को लेकर विशेष रूप से सावधान रहने की आवश्यकता है क्योंकि अत्यधिक कार्यभार के कारण शारीरिक कमजोरी महसूस हो सकती है। सगे संबंधियों के साथ धन का बड़ा लेन देन करते समय पूरी सावधानी बरतें और बिना लिखा पढ़ी के कोई बड़ा आर्थिक व्यवहार न करें। गायत्री मंत्र का मानसिक जाप करें जिससे आपके भीतर एक अद्भुत और नई सकारात्मक ऊर्जा का संचार होगा।

### मकर

साझेदारी में चल रहे व्यापार में आज मनोनुकूल प्रगति होगी और नए बड़े व्यावसायिक सहयोगी जुड़ने से आपके काम को बाजार में एक नई गति प्राप्त होगी। प्रेम संबंधों और पारिवारिक रिश्तों में आपसी तालमेल बहुत मधुर रहेगा तथा सभी सदस्य एक दूसरे की भावनाओं का पूरा सम्मान करेंगे। विघ्नहर्ता को प्रणाम करें जिससे आपके पारिवारिक जीवन के सभी कष्ट हमेशा के लिए दूर होंगे।

### कुंभ

आज आप अपने पराक्रम और कुशल कूटनीति के बल पर विरोधियों और शत्रुओं के हर चक्रव्यूह को पूरी तरह से ध्वस्त करने में सफल रहेंगे। पुराने कानूनी मामलों में आज आपके पक्ष में कोई बहुत बड़ी और सुखद खबर सुनने को मिल सकती है। किसी गरीब व्यक्ति को फल का दान करें जिससे आपके मन का अज्ञात भय पूरी तरह समाप्त हो जाएगा।

### मीन

कला साहित्य लेखन और रचनात्मक क्षेत्रों से जुड़ी प्रतिभाओं को आज कोई बड़ा राष्ट्रीय सम्मान या विशिष्ट पहचान मिलने के सुंदर योग बन रहे हैं। संतान पक्ष की शिक्षा या करियर को लेकर चल रही पुरानी चिंताएं आज पूरी तरह समाप्त होंगी जिससे मन को बड़ी राहत मिलेगी। गणेश जी के मंदिर में जाकर बेसन के लड्डू का भोग लगाएं जिससे आपके सुख और भौतिक साधनों में निरंतर वृद्धि होगी।

### आज का वास्तु शोधनम सूत्र

बुधवार के दिन घर के उत्तर पूर्व कोण यानी ईशान कोण में तांबे के एक छोटे पात्र में थोड़ा सा गंगाजल भरकर उसमें एक सिक्का और दूर्वा रखने से घर का भयंकर वास्तु दोष पूरी तरह शांत होता है तथा साक्षात बुद्धि विधाता गणेश जी की असीम कृपा से परिवार के सदस्यों का मानसिक व आर्थिक संकट दूर होता है और सुख समृद्धि हमेशा बढ़ती रहती है।

# पिनाहट में पुल पर दो घंटे फंसे रहे वाहन

- पैंटून पुल पर कार सवारों की जिद यात्रियों पर पड़ी भारी
- पीडब्ल्यूडी और पुलिस का कोई कर्मचारी नहीं पहुंचा

● टीनएफ टुडे ●



**पिनाहट (आगरा)।** चंबल नदी पर मध्य प्रदेश को जोड़ने वाले पैंटून पुल पर सोमवार शाम आमने-सामने से कारों के आ जाने से करीब 2 घंटे तक आवागमन बंद रहा। कार चालकों की जिद राहगीरों पर भारी पड़ी। जाम में दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई।

इस दौरान पुल पर तनाव की स्थिति बन गई, लेकिन पीडब्ल्यूडी और पुलिस का कोई कर्मचारी मौके पर नहीं पहुंचा। सोमवार शाम करीब 6 बजे पिनाहट घाट स्थित पैंटून पुल पर दोनों ओर से एक साथ कारें चढ़ गईं। पुल संकरा होने के कारण आमने-सामने आई कारें बीच में फंस गईं। कार चालक अपनी-अपनी गाड़ी पीछे लेने को तैयार नहीं हुए। वे आपस में बहस करने लगे। देखते ही देखते तनाव बढ़ गया। तभी पीछे खड़े अन्य वाहन चालकों ने बीच-बचाव कर मामला रफा-दफा कराया। इसके बाद मध्य प्रदेश की ओर से आई कारों को वापस मोड़ा गया, तब जाकर आवागमन सुचारू हो सका। करीब 2 घंटे तक पुल बंद रहने से पिनाहट की ओर और मध्य प्रदेश की ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई। राहगीरों को काफी परेशानी उठानी पड़ी।

## आज टूट जाएगा पिनाहट पैंटून पुल

### अभी तक नहीं की गई स्टीमर की कोई व्यवस्था

**पिनाहट (आगरा)।** चंबल नदी पर मध्य प्रदेश को जोड़ने वाला पैंटून पुल मंगलवार को हटा दिया जाएगा। नियमानुसार 15 जून को हटने वाला यह पुल मानसून देरी और स्टीमर व्यवस्था न होने के कारण 21 दिन बाद हटाया जा रहा है। पुल हटते ही यहां वाहनों का आवागमन पूरी तरह बंद हो जाएगा। लोक निर्माण विभाग प्रतिवर्ष चंबल नदी पर पिनाहट घाट पर 8 महीने निःशुल्क पैंटून पुल संचालित कराता है। बरसात के 4 महीने 15 जून से 15 अक्टूबर तक पुल हटाकर स्टीमर से आवागमन कराया जाता है। क्योंकि इन दिनों नदी में बाढ़ आ जाती है। इस वर्ष मानसून देरी से आने और नदी में पानी कम होने के कारण पुल 15 जून को नहीं टूटा। वहीं स्टीमर की वैकल्पिक व्यवस्था भी नहीं हो पाई। पीडब्ल्यूडी ने अब पुल हटाने का फैसला लिया है। पुल ठेकेदार चंद्र सेन तिवारी ने बताया कि मंगलवार को पैंटून पुल हटाने का काम शुरू कर दिया जाएगा।

**स्टीमर की नहीं हुई कोई व्यवस्था**

पुल हटने के बाद लोगों को चंबल पार कराने के लिए स्टीमर की कोई व्यवस्था नहीं की गई है। इससे पिनाहट और मध्य प्रदेश के बीच आने-जाने वाले लोगों, किसानों, छात्रों व मरीजों की चिंता बढ़ गई है। पुल बंद होने से 50 किमी का चक्कर लगाकर आगरा-धौलपुर मार्ग से होकर जाना पड़ेगा।

# बैंक में स्पेशल काउंटर की मांग

### प्रधान ने क्षेत्रीय प्रबंधक को लिखा पत्र

● टीनएफ टुडे ●

**पिनाहट (आगरा)।** भारतीय स्टेट बैंक शाखा पिनाहट में काउंटर कम होने से खाताधारकों को हो रही परेशानी का मामला अब क्षेत्रीय स्तर तक पहुंच गया है। ग्राम पंचायत विप्रावली के प्रधान देवानन्द परिहार ने स्इकके आंचलिक/क्षेत्रीय प्रबंधक को पत्र लिखकर सरकारी कर्मचारियों और पेंशनधारकों के लिए एक स्पेशल काउंटर खोलने की मांग की है। प्रधान परिहार ने 6 जुलाई 2026 को भेजे पत्र में बताया कि स्इकशाखा पिनाहट में केवल 2 काउंटर संचालित हैं जो नियमानुसार कम हैं। उन्होंने लिखा कि अधिकतर सरकारी कर्मचारियों के वर्तमान और पेंशनधारकों के खाते इसी बैंक में हैं। शाखा में खाताधारकों की संख्या बहुत अधिक है, लेकिन पर्याप्त स्टाफ न होने की वजह से लोगों को घंटों लाइन में लगना पड़ रहा है। पत्र में प्रधान ने मांग की कि उक्त शाखा में एक स्पेशल काउंटर खोला जाए जिससे यहां की समस्या का स्थायी समाधान हो सके। देवानन्द परिहार प्रधान संघ पिनाहट के अध्यक्ष हैं। वे मुख्यमंत्री पंचायत प्रोत्साहन पुरस्कार के प्रथम विजेता रह चुके हैं।

# ससुराल गए युवक की गोली मारकर हत्या

### फतेहाबाद के युवक की मध्यप्रदेश के अंबाह में है ससुराल

- मृतक के भाई ने साढू और ससुर पर लगाया हत्या का आरोप

● टीनएफ टुडे ●





**फतेहाबाद।** कस्बा के मोहल्ला मल्लाह टूला निवासी रामरतन उर्फ कटप्पा की मध्यप्रदेश के अंबाह थाना क्षेत्र में रविवार की रात गोली मारकर हत्या कर दी गई। वह रविवार की शाम अपने ससुराल बरेह थाना अम्बाह में रिश्ते के साले की शादी में शामिल होने के लिए कार से गया था। ससुराल से आधा किलोमीटर पहले गोली मारकर हत्या कर हमलावर शव को सड़क पर फेंक कर भाग गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। परिजनों ने हत्या का आरोप रामरतन के साढू व ससुर पर लगाया है। घटना की जानकारी से परिवार में कोहराम मचा हुआ है।

कस्बा फतेहाबाद के मोहल्ला मल्लाह टूला निवासी धर्मवीर पुत्र कुंवर सिंह ने बताया कि छोटा भाई रामरतन उर्फ कटप्पा (30) रविवार की शाम अपनी औरा कार से मध्यप्रदेश के थाना अंबाह क्षेत्र के गांव रामदासकापुरा बरेह ससुराल में फफुआ ससुर राकेश निषाद के लड़के की शादी समारोह में शामिल होने के लिए घर से निकला था। रविवार की रात साढ़े दस बजे के करीब ससुराल से आधा किलोमीटर पहले भाई रामरतन का शव कार से 50 मीटर की दूरी पर पड़ा हुआ मिला था। वहीं मृतक के भाई धर्मवीर ने आरोप लगाया कि एक माह पूर्व भाई अपनी ससुराल गया था। वहां पर उसके साथ मारपीट व जान से मारने की धमकी दी गई थी। आरोप है कि आठ दिन पूर्व साढ़ू ने अवैध तमंचा के साथ वीडियो बनाकर हत्या करने की धमकी दी थी। उसी रंजिश के चलते भाई के साढ़ू व ससुर ने गोली मारकर हत्या की है। उसके बाद सोने की दो अंगूठी, तीस हजार रुपये लूटने का भी आरोप लगाया है। बताया है कि मृतक भाई के जांघ में एक गोली लगी है और छाती पर चोट के निशान है। वहीं 10:45 बजे के करीब भाई के साले ने फोन कर घटना की जानकारी दी थी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। घटना की जानकारी से परिवार में कोहराम मचा हुआ है। मृतक रामरतन अपने पीछे पत्नी गुड़िया व बेटा रोहित 10, मोहित 8 वर्ष की छोड़ गया है। घटना की जानकारी मिलते ही परिवार में चीख पुकार मच गई।

# डंपर की चपेट में आकर बालक की मौत, परिवारीजन घायल

● टीनएफ टुडे ●





**फतेहाबाद।** कस्बा के बाह रोड बाईपास पर रविवार की रात सड़क किनारे सो रहे घुमंतू समाज के लोगों को नशे में डंपर चालक ने रौंद दिया। हादसे में 11 वर्षीय बालक शैहनूर की मौत हो गई थी और मां-पिता, भाई गंभीर रूप से घायल हो गए थे। वहीं मृतक की मां ने अज्ञात डंपर चालक ने खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया।

बाबरपुर अजीतमल इटावा, हाल निवासी गढ़ा हरौली थाना महुआ सूडी औरैया निवासी रामराशि पुत्र मोहम्मद रफीक आगरा से दवा लेकर अपनी पत्नी फन्ना, पुत्र शैहनूर उम्र 14 वर्ष, किन्नू पुत्री जायरा 7 वर्ष व परिवार के मस्ताना पुत्र मुन्ना के साथ दवा लेकर मोटर साइकिल से जुड़ी टिर्री से अपने घर लौट रहे थे। रात होने पर कस्बा फतेहाबाद के बाह रोड बाईपास पर रुक गए थे। सड़क किनारे टिर्री में सो गए थे। इसी दौरान फतेहाबाद से बाह की ओर से आ रहे तेज रफ्तार डंपर चालक ने नशे में उनको रौंद दिया। सड़क किनारे खड़े विद्युत पोल से टकरा कर पास में रेत में घुस गया था। हादसे के बाद मौके पर चीख पुकार मच गई थी। सूचना पर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और घायलों को इलाज के लिए आगरा भेज दिया था। जहां शैहनूर की मौत हो गई। मृतक की मां फन्ना की तहरीर पर अज्ञात डंपर चालक के विरूद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है।

प्रभारी निरीक्षक फतेहाबाद विनोद कुमार मिश्र ने बताया कि डंपर चालक नशे में था। हादसे में एक बच्चे की मौत गई। तहरीर पर अज्ञात डंपर चालक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है। आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से एएनएम सहित तीन घायल

**फतेहाबाद।** थाना निबोहरा क्षेत्र के रैपुरा मोड़ के पास सोमवार दोपहर एक अज्ञात वाहन ने पीछे से स्कूटी में टक्कर मार दी। हादसे में स्कूटी सवार एएनएम, उनकी पुत्री तथा एक अन्य युवती घायल हो गईं। तीनों को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र फतेहाबाद में भर्ती कराया गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार एएनएम सुमन फतेहाबाद सीएचसी से अपनी ड्यूटी पर निबोहरा क्षेत्र में पोलियो अभियान के तहत बच्चों को दवा पिलाने जा रही थीं। उनके साथ उनकी पुत्री निक्की तथा राधा नामक युवती स्कूटी पर सवार थीं। रैपुरा मोड़ के पास पीछे से आए एक अज्ञात वाहन ने उनकी स्कूटी में टक्कर मार दी। टक्कर लगने से स्कूटी अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पेड़ से जा टकराई। हादसे में एएनएम सुमन, उनकी पुत्री निक्की तथा साथ बैठी युवती राधा घायल हो गईं। सूचना पर पहुंची एंबुलेंस ने तीनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र फतेहाबाद में भर्ती कराया, जहां उपचार किया जा रहा है।

# डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती मनाई



● टीनएफ टुडे ●

**फतेहपुर सीकरी।** भारतीय जनता पार्टी के विधानसभा कार्यालय आगरा गेट पर भारतीय जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती भाजपा कार्यकताओं द्वारा मनाई गई। इस दौरान कार्यकताओं ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए । श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए भाजपा के पूर्व जिलाअध्यक्ष जितेंद्र फौजदार ने कहा कि भारत की एकता अखंडता के लिए अपने प्राणों का बलिदान करने वाले प्रखर राष्ट्रवादी नेता थे। इस मौके पर श्यामवीर फौजदार, सुरेंद्र भगोर, अजीत अग्रवाल, अनुज मित्तल, हरिओम मंगल , राकेश बघेल आदि मौजूद रहे। उधर मोड़ बाईपास पर मंडल अध्यक्ष ओमकांत डागुर की अध्यक्षता में डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी को जयंती पर याद करते हुए भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस मौके पर गिरीश प्रधान, चंद्रशेखर लोधी, सोनू, भूपेंद्र जादौन समिति कई मौजूद रहे ।

# समाधान दिवस में उमड़े फरियादी

### फतेहाबाद में आई 45 शिकायतें, मौके पर नहीं हुआ निस्तारण

**फतेहाबाद।** सोमवार को आयोजित समाधान दिवस में 45 शिकायतें प्राप्त हुई। जिसमें से किसी का भी मौके पर निस्तारण नहीं हुआ। शनिवार को परीक्षा होने के कारण समाधान दिवस का आयोजन निरस्त कर दिया गया था। सोमवार को संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन तहसील फतेहाबाद के सभागार में किया गया। जिसकी अध्यक्षता एडीएम नगर यमुनाधर द्वारा की गई। जहां कुल 45 शिकायत प्राप्त हुईं। जिसमें राजस्व विभाग 16 पुलिस 12 विकास विभाग चार सहित अन्य विभागों से संबंधित शिकायत प्राप्त हुईं जहां एडीएम के द्वारा सभी शिकायतों का नियत समय पर गुणदोष के आधार पर निस्तारण करने के निर्देश दिए गए। वहीं कर्मचारियों से कहा गया है कि मौके पर जाकर शिकायत का निस्तारण करें। इस अवसर उपजिलाधिकारी स्वाति शर्मा, तहसीलदार बबलेश कुमार, नायब तहसीलदार प्रमोद कुमार, विशेष कुमार सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## समाधान दिवस में उमड़े फरियादी



**फतेहाबाद।** सोमवार को आयोजित समाधान दिवस में 45 शिकायतें प्राप्त हुई। जिसमें से किसी का भी मौके पर निस्तारण नहीं हुआ। शनिवार को परीक्षा होने के कारण समाधान दिवस का आयोजन निरस्त कर दिया गया था। सोमवार को संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन तहसील फतेहाबाद के सभागार में किया गया। जिसकी अध्यक्षता एडीएम नगर यमुनाधर द्वारा की गई। जहां कुल 45 शिकायत प्राप्त हुईं। जिसमें राजस्व विभाग 16 पुलिस 12 विकास विभाग चार सहित अन्य विभागों से संबंधित शिकायत प्राप्त हुईं जहां एडीएम के द्वारा सभी शिकायतों का नियत समय पर गुणदोष के आधार पर निस्तारण करने के निर्देश दिए गए। वहीं कर्मचारियों से कहा गया है कि मौके पर जाकर शिकायत का निस्तारण करें। इस अवसर उपजिलाधिकारी स्वाति शर्मा, तहसीलदार बबलेश कुमार, नायब तहसीलदार प्रमोद कुमार, विशेष कुमार सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## खेरागढ़ में आई 119 शिकायतें, 9 का निस्तारण

**खेरागढ़।** तहसील परिसर में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में अध्यक्षता एसडीएम ऋषिराव ने की। इस दौरान विभिन्न विभागों से संबंधित कुल 119 शिकायतें प्राप्त हुईं। जिनमें से 9 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। जबकि शेष प्रकरणों को संबंधित विभागों के अधिकारियों को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण कार्रवाई के निदेशों के साथ भेजा गया। एसडीएम ऋषिराव ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जनशिकायतों के निस्तारण में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। शिकायतों का निष्पक्ष, पारदर्शी और निर्धारित समय सीमा के भीतर समाधान सुनिश्चित किया जाए। इस दौरान एसीपी सैंया जसवीर सिरोही, तहसीलदार सतेंद्र कुमार, नायब तहसीलदार हरिशंकर दुबे, अनुज दीक्षित, सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

## हनुमान मंदिर से 51 किलो का घंटा चोरी




खेरागढ़। कस्बे के प्रसिद्ध पुल वाले हनुमान मंदिर में देर रात्रि चोरों ने दुस्साहसिक वारदात को अंजाम देते हुए मंदिर में लगा 51 किलो वजनी पीतल का घंटा चोरी कर लिया। चोरों ने मंदिर में लगे दूसरे 51 किलो के घंटे को भी उतारकर ले जाने का प्रयास किया, लेकिन किसी कारणवश उसमें सफल नहीं हो सके और उसे वहीं छोड़कर फरार हो गए। घटना की जानकारी सोमवार सुबह मंदिर के महंत प्रकाशानंद को मंदिर पहुंचने पर हुई। एक घंटा गायब मिलने पर उन्होंने तत्काल डायल 112 पर सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण कर मामले की जांच शुरू कर दी। थाना प्रभारी हरीश शर्मा ने बताया कि जाँच कर चोरी का जल्द खुलासा किया जायेगा '

## जयंती पर शोभायात्रा की तैयारियां तेज

फतेहपुर सीकरी। थाना क्षेत्र सीकरी के अंतर्गत मोहल्ला कादऊवार में लोधी धर्मशाला पर रविवार को एक बैठक आयोजित की गई। इसमें महारानी अवंतीबाई लोधी के जन्मोत्सव की तैयारी पर चर्चा की गई। जन्मोत्सव को धूमधाम से निकालने को लेकर लोगों को जिम्मेदारियां दी गई। उपस्थित लोगों मे प्रमुख रूप से खड़ग सिंह पूर्व प्रधान, चंद्रभान सिंह पूर्व प्रधान, डा प्रेमपाल सिंह लोधी, टुन्डाराम, जोगेंद्र सिंह, मिथुन राजपूत, नाहर सिंह फौजी, मनीष राजपूत, दरब सिंह पूर्व लेखपाल, अशोक राजपूत, सभासद, महावीर वर्मा, प्रमोद कुमार लोधी, बीनू राजपूत आदि लोग उपस्थित रहे।

## खेरागढ़ पहुंचे सांसद रामजीलाल सुमन

खेरागढ़। सोमवार को समाजवादी पार्टी के राज्यसभा सांसद रामजीलाल सुमन पार्टी के बहिष्कार करता लाला अस्थाना के कार्यालय पहुंचे। जहां पर उन्होंने कार्यकताओं को आगामी 2027 विधानसभा चुनाव एवं पंचायत चुनाव के मद्देनजर संबोधित किया। कहा कि सभी कार्यकर्ता मजबूती के साथ अपने बूथ को मजबूत करें और 2027 में अखिलेश यादव को मुख्यमंत्री बनाएं। सांसद सपा के वरिष्ठ नेता शिशुपाल सिंह सिकरवार के यहां आयोजित शादी समारोह में भी पहुंचे ' इस दौरान सब जिला अध्यक्ष उदल सिंह कुशवाहा, डॉ ओपी यादव, गुल्लू यादव, महेश सिसोदिया, अभय सिंह, हाकिम सिंह कुशवाहा, रईसुद्दीन, सलीम उस्मानी, आशिक अली ,भारतेन्द्र तोमर, अशोक कुशवाहा सहित सैकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित रहे '

## खेरागढ़ में आई 119 शिकायतें, 9 का निस्तारण

**खेरागढ़।** तहसील परिसर में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में अध्यक्षता एसडीएम ऋषिराव ने की। इस दौरान विभिन्न विभागों से संबंधित कुल 119 शिकायतें प्राप्त हुईं। जिनमें से 9 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। जबकि शेष प्रकरणों को संबंधित विभागों के अधिकारियों को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण कार्रवाई के निदेशों के साथ भेजा गया। एसडीएम ऋषिराव ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जनशिकायतों के निस्तारण में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। शिकायतों का निष्पक्ष, पारदर्शी और निर्धारित समय सीमा के भीतर समाधान सुनिश्चित किया जाए। इस दौरान एसीपी सैंया जसवीर सिरोही, तहसीलदार सतेंद्र कुमार, नायब तहसीलदार हरिशंकर दुबे, अनुज दीक्षित, सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

वृक्ष भंडारा से पर्यावरण संरक्षण का संदेश,

# जिलाधिकारी ने 30 मिनट में दूर की खतौनी की त्रुटियां

टीएनएफ टुडे, मैनपुरी।



तहसील सदर में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी डॉ. इंद्रमणि त्रिपाठी और पुलिस अधीक्षक गणेश प्रसाद शाहा ने जनता की शिकायतों को सुना। जन-सुनवाई शुरू करने से पूर्व जिलाधिकारी ने वृक्ष भंडारा अभियान के तहत तहसील परिसर में पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इसके साथ ही समाधान दिवस में आने वाले फरियादियों को फलदार पौधे वितरित कर उन्हें रोपित और संरक्षित करने की अपील की, ताकि आने वाली पीढ़ी को स्वच्छ वातावरण और ऑक्सीजन मिल सके।

इस दौरान राजस्व से जुड़े मामलों में जिलाधिकारी ने त्वरित और ऐतिहासिक कार्रवाई की। ग्राम लहरा महुअन के निवासी शिवराम सिंह, जो पिछले एक वर्ष से खतौनी में अपने और अपने पिता के नाम की त्रुटि सुधारने के लिए भटक रहे थे, की समस्या का समाधान जिलाधिकारी ने मौके पर ही साक्ष्यों के आधार पर मात्र 30 मिनट के भीतर करवाकर उन्हें संशोधित खतौनी की प्रति सौंप दी। इसी तरह पीरपुर की गीता देवी और लोधीपुर के आनंद यादव की फौती (विरासत) दर्ज होने के बाद छूटे नामों को तत्काल दर्ज कराया गया। आगरा रोड निवासी संजीव कुमार की ब्रज कॉलोनी के नाम में हुई त्रुटि और रठेरा के ज्ञानसिंह के नाम में हुए सुधार को भी मौके पर ही दुरुस्त कर राहत प्रदान की गई।

सार्वजनिक मार्गों और चकरोडों पर अवैध कब्जों की शिकायतों पर जिलाधिकारी ने कड़ा रुख अपनाया। उन्होंने राजस्व अधिकारियों को निर्देशित किया कि मिशन समाधान के तहत बड़े पैमाने पर भूमि कब्जा मुक्त कराई गई है, लेकिन जहां भी चकमार्ग बाधित हैं, वहां अभियान चलाकर अवैध कब्जे हटाए जाएं। जिलाधिकारी ने सख्त लहजे में चेतावनी दी कि पैमाइश के बाद यदि कोई दोबारा अवैध कब्जा करता है या मुड्डी उखाड़ता है, तो उसे भू-माफिया के रूप में चिन्हित कर सुसंगत धाराओं में प्राथमिकी दर्ज की जाए और भारी मुचलके से पाबंद किया जाए। उन्होंने जमीन खरीदारों को भी सलाह दी कि वे बैनामा कराने से पहले मौके पर विक्रेता के कब्जे की पुष्टि अवश्य कर लें।

इस अवसर पर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. आर.सी. गुप्ता, उप जिलाधिकारी सदर अभिषेक कुमार, तहसीलदार शौर्य वर्धन राठौर सहित सभी जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे, जिन्होंने अपने-अपने विभाग से जुड़ी जन-समस्याओं के त्वरित निस्तारण की रूपरेखा तैयार की।

## प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के लिए 31 तक आवेदन आमंत्रित

**मैनपुरी।** जिलाधिकारी डॉ. इंद्रमणि त्रिपाठी ने जनपद के सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया है कि भारत सरकार द्वारा मेधावी बच्चों की असाधारण उपलब्धियों को सम्मानित करने के लिए स्थापित प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के लिए पात्र बच्चों के आवेदन आगामी 31 जुलाई से पहले राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल पर कराना सुनिश्चित करें। इस पुरस्कार के तहत वीरता सहित कुल 6 श्रेणियों में उत्कृष्ट कार्य और असाधारण उपलब्धियां हासिल करने वाले बच्चों के आवेदन स्वीकार किए जाएंगे, जिसके लिए जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला बेसिक शिक्षाधिकारी और खंड विकास अधिकारियों सहित समस्त निकायों के प्रभारियों को सक्रिय होकर कार्रवाई करने तथा इसकी सूचना जिला प्रोबेशन अधिकारी को उपलब्ध कराने के कड़े निर्देश दिए हैं।



## फॉर्मर रजिस्ट्री कैंप का एसडीएम ने किया निरीक्षण, किसानों से समय पर पंजीकरण कराने की अपील

टीएनएफ टुडे, करहल (मैनपुरी)।

शासन के निदेर्शानुसार ग्राम पंचायत नाकऊ के पंचायत घर में सोमवार को फॉर्मर रजिस्ट्री कैंप का आयोजन किया गया। कैंप का निरीक्षण उपजिलाधिकारी सुनीष्टा सिंह ने किया और व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान उपजिलाधिकारी सुनीष्टा सिंह ने कहा कि सभी पात्र किसान अपनी फॉर्मर रजिस्ट्री समय से अवश्य कराएं। उन्होंने संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देश दिए कि किसानों को किसी प्रकार की असुविधा न हो तथा पंजीकरण की प्रक्रिया पारदर्शी एवं सुचारु रूप से संपन्न कराई जाए। उन्होंने किसानों से आवश्यक दस्तावेजों के साथ कैंप में पहुंचकर अधिक से अधिक संख्या में फॉर्मर रजिस्ट्री कराने की अपील की।

इस अवसर पर प्रधान प्रतिनिधि रामनरेश यादव, लेखपाल हरिओम यादव, उचित दर विक्रेता दिनेश कुमार, जोनी यादव, मुन्नालाल कठेरिया, संजीव कुमार जाटव सहित ग्राम के अनेक लोग उपस्थित रहे।

प्रधानमंत्री अप्रेंटिसशिप मेला 13 जुलाई को होगा आयोजित

धौलपुर, 6 जुलाई। राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान मचकुन्ड रोड धौलपुर में 13 जुलाई सोमवार को प्रातः 10 बजे से प्रधानमंत्री अप्रेंटिसशिप मेले का आयोजन किया जाएगा। मेले में धौलपुर एवं अन्य जिलों के औद्योगिक प्रतिष्ठान शामिल होगें व प्रतिष्ठानों की ओर से आवश्यकतानुसार अभ्यार्थियों को रोजगार एवं शिक्षुता प्रशिक्षण के लिए चयनित किया जाएगा। इच्छुक अभ्यर्थी अपने बायोडेटा की तीन फोटो प्रति, तीन पासपोर्ट साइज फोटोग्राफ, आधार कार्ड, दसवीं की अकंतालिका एवं आईटीआई प्रमाणपत्र व अकंतालिका की छाया प्रतियों सहित उपस्थित होकर मेले का लाभ लें।

## ऑटो में महिला से आभूषण चोरी करने वाले गिरोह के तीन सदस्य गिरफ्तार, माल बरामद



**मैनपुरी।** थाना कुरावली क्षेत्र में ऑटो में सफर कर रही एक महिला के बैग से आभूषण चोरी करने वाले गिरोह के तीन शातिर आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। घटना बीते 3 जुलाई की है, जब पीड़िता अंजु अपने पुत्र के साथ शरीफपुर से ऑटो में बैठकर जा रही थीं। इसी दौरान ऑटो में पहले से सवार सह-यात्रियों ने चालाकी से उनके बैग से सोने की एक जंजीर, एक जोड़ी झाले और एक अंगूठी पार कर दी थी। पुलिस ने इस मामले में कार्रवाई करते हुए सोमवार सुबह करीब 6.30 बजे नगला उत्तर मोड़ (ढल्ल-34) के पास से तीनों आरोपियों को दबोच लिया। पकड़े गए आरोपियों की पहचान रेखा (20 वर्ष) पुत्री राजवीर सिंह, राजवीर सिंह पुत्र लक्ष्मण सिंह (50 वर्ष) निवासीगण ग्राम सहारा (मैनपुरी) और दीपक (25 वर्ष) पुत्र महेश चंद्र निवासी मलावन (एटा) के रूप में हुई है। पूछताछ और जांच में सामने आया कि यह गिरोह एक योजना के तहत ऑटो में सवारियां बिठाता था और अकेली या भोली-भाली महिलाओं को निशाना बनाकर चोरी की वारदातों को अंजाम देता था। आरोपियों के पास से चोरी की गई पीली धातु की जंजीर, एक जोड़ी कान के झाले, 5000 रुपये नकद और घटना में इस्तेमाल सीएनजी ऑटो बरामद किया गया है। आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर उन्हें न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

## नवाटेड़ा चौराहे पर आए दिन हो रही दुर्घटनाएं, गोलचक्कर बनाने की उठी

टीएनएफ टुडे, करहल।



बरनाहल विकासखंड की ग्राम पंचायत नवाटेड़ा के मुख्य चौराहे पर यातायात दबाव और तेज मोड़ों के कारण लगातार सड़क दुर्घटनाएं हो रही हैं। चौराहे पर गोलचक्कर निर्माण की मांग को लेकर ग्राम निवासी गीता धाकरे ने जिलाधिकारी मैनपुरी को प्रार्थना पत्र भेजा है।

गीता धाकरे पत्नी आर एन धाकरे प्रधान नवाटेड़ा ने प्रार्थना पत्र में बताया कि नवाटेड़ा चौराहा बरनाहल, करहल, घिरोर, मैनपुरी, एनएच-2 और आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे को जोड़ने वाला मुख्य संगम है। प्रतिदिन सैकड़ों गांवों के लोग, स्कूली बच्चे, बुजुर्ग और महिलाएं बाजार व सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जाने के लिए इसी चौराहे से गुजरते हैं।

उन्होंने कहा कि चौराहे से भारी संख्या में ट्रक, डीसीएम जैसे बड़े वाहन गुजरते हैं। रोड की चौड़ाई कम होने और मोड़ तेज होने के कारण आए दिन वाहन आपस में टकराते हैं। कई बार दुर्घटनाओं में लोग जान भी गंवा चुके हैं और कई घायल हो चुके हैं। सुबह-शाम स्कूल व मंडी के समय यहां लंबा जाम भी लगता है। बाहर से आने वाले लोगों को दिशा समझ न आने से भ्रम की स्थिति बनती है।

**मांग के मुख्य बिंदुः**

1. दुर्घटना रोकथामः तेज मोड़ और बड़े वाहनों के कारण आमजन दुर्घटना का शिकार हो रहे हैं।
2. जाम से मुक्तिः स्कूल-मंडी के समय लगने वाले जाम से राहत मिलेगी।
3. सुगम यातायातः गोलचक्कर बनने से दिशा स्पष्ट होगी और ट्रैफिक व्यवस्थित होगा।

गीता देवी ने जिलाधिकारी से जनहित और जनसुरक्षा को ध्यान में रखते हुए नवाटेड़ा के मुख्य चौराहे पर शीघ्र गोलचक्कर का निर्माण कराने की मांग की है। उन्होंने कहा कि गोलचक्कर बनने से दुर्घटनाएं रुकेंगी और यातायात सुगम होगा।

स्थानीय ग्रामीणों ने भी इस मांग का समर्थन किया है और प्रशासन से जल्द कार्रवाई की अपेक्षा जताई है। थाना बरनाहल क्षेत्र के मुख्य चौराहे नवाटेडा का मामला।

## राजकीय वाहन चालक महासंघ की नई कमेटी का हुआ गठन

टीएनएफ टुडे, फिरोजाबाद ।

**संतोष बने अध्यक्ष, हरिओम को उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी मिली**

राजकीय वाहन चालक महासंघ फिरोजाबाद की एक बैठक आज सोमवार को आहुत की गयी है। उक्त बैठक की अध्यक्षता अब्दुल सईद ने की। जिसमें अध्यक्ष रहे महेन्द्र सिंह के 30 जून को विभाग से सेवानिवृत्त हो जाने के फलस्वरूप अध्यक्ष पद हेतु चुनाव कराया गया, जिसमें सर्वसम्मती से निर्वाचन होकर नई कार्यकरणी का गठन किया गया। घोषित की गई नई कार्यकारिणी में अध्यक्ष पद पर संतोष कुमार दुबे (कृषि विभाग) को चुना गया है। इसके अलावा उपाध्यक्ष के रूप में हरिओम यादव (राजस्व विभाग), मंत्री सुनील कुमार स्वास्थ्य विभाग, उपमंत्री सुखवीर सिंह (विकास विभाग), संगठन मंत्री सुनील कुमार नागर ( स्वास्थ्य विभाग ), प्रचार मंत्री प्रमोद पचौरी (बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग से ), प्रचार मंत्री अरविन्द सिंह (लोक निर्माण विभाग), हकदार दिनेश यादव, ऑडीटर दिनेश कुमार (ग्रामीण अभिंयत्रण विभाग ) चुने गए हैं। इस मौके पर अब्दुल सईद, राजू शर्मा, संतोष दुबे, बृज मोहन, दिनेश कुमार, दरव सिंह, क्षेत्रपाल आदि चालकगण उपस्थित रहे ।

## संपूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी को गाली गलौज मारपीट घर से बाहर निकालने का दिया

टीएनएफ टुडे, सिरसागंज।



तहसील सिरसागंज में जिला अधिकारी संतोष शर्मा की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस लगाया गया। जिसमें मुख्य विकास अधिकारी फिरोजाबाद, अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण अनुज चौधरी, उप जिला अधिकारी धर्मवीर सिंह की उपस्थिति में जनसुनवाई के दौरान प्रार्थिया रामढकेली पत्नी स्व० रामजीलाल निवासी गुराऊ ने प्रार्थना पत्र देते हुए बताया कि मेरी उम्र 85 वर्ष की है में बिना पढ़ी लिखी बुजुर्ग विधवा बीमारीग्रस्त महिला हूँ।

मेरा छोटा पुत्र अखिलेश कुमार पुत्र स्व० रामजीलाल व पुत्रवधू पूजा पत्नी अखिलेश कुमार मेरे साथ मारपीट, गाली गलौज कर व घर से बाहर खींचकर गली में डाल दिया और प्रार्थिया के घर में जबरन ताला लगाकर तालों की चाबियों अपने साथ ले गये। प्रार्थिया उसी दिन से घर से बेघर हो गयी और खाने पीने के लिए भी दुखी है। प्रार्थिया के पास कोई रहने के लिए इस मकान के अलावा अन्य कोई मकान भी नहीं है। प्रार्थिया के सभी कपड़े लत्ते, वर्तन भाड़े अन्य सभी रहन सहन का सामान व रोजमर्रा का सामान, दवाईंया इसी मकान में बन्द है। इस कारण।

## मैनपुरी बिजली केबल विवाद में घायल युवक की मौत के बाद भारी बवाल, सड़क पर शव रखकर भीम आर्मी और ग्रामीणों का जोरदार प्रदर्शन

टीएनएफ टुडे, एलाऊ/मैनपुरी।



एलाऊ थाना क्षेत्र स्थित नगला अनी गांव में दो दिन पहले बिजली केबल डालने को लेकर दो पक्षों में हिंसक झड़प और लाठी डंडो से हुई मारपीट में गंभीर रूप से घायल विकास कुमार ने सैफई अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। इस पूरी घटना का एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर जमकर प्रसारित हो रहा है, जिसमें दोनों पक्ष आपस में लाठियां भांजते नजर आ रहे हैं, जिसमें कई अन्य लोग भी घायल हुए हैं।

युवक की मौत की खबर मिलते ही मृतक के परिजनों और भीम आर्मी के कार्यकताओं का गुस्सा भड़क उठा। सोमवार दोपहर को आक्रोशित ग्रामीणों ने सुगांव के समीप मैनपुरी मार्ग पर मृतक का शव रखकर सड़क जाम कर दी जिससे वहां वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। मौके पर जुटी लगभग 400 लोगों की भीड़ ने स्थानीय पुलिस प्रशासन के खिलाफ लापरवाही का आरोप लगाते हुए जमकर नारेबाजी की और थाना अध्यक्ष को तत्काल सस्पेंड करने तथा दोषियों पर हत्या की धाराओं में कार्रवाई करने की मांग पर अड़ गए।

इलाके में बढ़ते तनाव को देखते हुए एसडीएम, सीओ सिटी और कई थानों का भारी पुलिस बल मौके पर पहुंचा। पीड़ित परिवार का आरोप है कि समय रहते पुलिस ने कोई ठोस कदम नहीं उठाया, जिससे यह हादसा हुआ। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए वरिष्ठ अधिकारियों ने प्रदर्शनकारियों को आश्वासन दिया कि संबंधित थाना प्रभारी को हटाया जाएगा और सभी आरोपियों को जल्द गिरफ्तार कर कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी, जिसके बाद समाचार लिखे जाने तक परिजनों को समझाने का प्रयास जारी रहा।

## जिलाधिकारी ने मुख्य विकास अधिकारी शत्रोहन वैश्य के साथ कान्हा गौशाला सिरसागंज का आकस्मिक किया निरीक्षण

टीएनएफ टुडे, फिरोजाबाद।





जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा ने मुख्य विकास अधिकारी शत्रोहन वैश्य के साथ कान्हा गौशाला सिरसागंज का आकस्मिक निरीक्षण किया, निरीक्षण का मुख्य उद्देश्य निराश्रित गौवंशों के रख-रखाव और चारा-पानी की उपलब्धता और उनके स्वास्थ्य की वास्तविक स्थिति का जायजा लेना था, इस गौशाला की कुल क्षमता 332 गौवंशों की है।

जिलाधिकारी निर्देश दिए की अत्यधिक गर्मी को देखते हुए गौशाला में छाया, पेयजल व्यवस्था, दुरुस्त हो और पशुओं के लिए हर समय शुद्ध और शीतल पेयजल उपलब्ध होना चाहिए, इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी, पशुओं के स्वास्थ्य के प्रति संवेदनशीलता दिखाते हुए, जिलाधिकारी ने अधिकारियों और कार्यदाई संस्था को निर्देशित किया कि जो भी पशु बीमार या कमजोर हैं, उन्हें मुख्य झुंड से अलग रखकर उनकी विशेष सेवा और उचित उपचार किया जाए।

जिलाधिकारी और मुख्य विकास अधिकारी ने अपने हाथों से गौवंशो को गुड और केले भी खिलाएं, जिलाधिकारी ने इस अवसर पर वर्मी कंपोस्ट के विषय में जानकारी दी, उन्होंने कहा कि गौशाला से निकलने वाले गोबर और कृषि के अपशिष्ट को केंचुए खाते हैं, केंचुए के पाचन तंत्र से गुजरने के बाद जो मल निकलता है, वही वर्मी कंपोस्ट कहलाता है, वर्मी कंपोस्ट में सामान्य गोबर खाद की तुलना में पोषक तत्व अधिक होते हैं, यह मिट्टी की उपजाऊ शक्ति और पानी सोखने की क्षमता को बढ़ाता है, इसलिए गौशालाओं में गोबर से वर्मी कंपोस्ट बनाकर अतिरिक्त आय भी अर्जित की जा सकती है। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी शत्रोहन वैश्य, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी आदि उपस्थित रहें।

## दलाल द्वारा कॉलेज फीस नहीं की जमा, छात्रों ने लगाई पुलिस से गुहार

टीएनएफ टुडे, शिकोहाबाद।

एक दलाल के माध्यम से कुछ छात्रों ने शहर के एक आईटीआई संस्थान में खुशी खुशी प्रवेश लिया था। लेकिन इन छात्रों को ये नहीं पता था कि उनके द्वारा दलाल इंदल को दिए गए रुपए कॉलेज तक नहीं पहुंचेंगे। इसके बाद कॉलेज प्रबंधन द्वारा सख्ती दिखाई तो मामला उजागर होकर सामने आया तथा अब इन पीड़ित छात्रों ने शिकोहाबाद थाना पहुंचकर पुलिस से न्याय की गुहार लगाई है। क्योंकि कॉलेज में फीस जमा न करने के कारण छात्र परीक्षा से महरूम हो रहे हैं । इस संबध में पुलिस ने कॉलेज प्रशासन से बातचीत की है जिससे बच्चों के भविष्य को बचाया जा सके। शिकोहाबाद नगर क्षेत्र के एक आईटीआई कॉलेज में एक दर्जन से अधिक छात्रों ने फिरोजाबाद के इस दलाल के माध्यम से आईटीआई करने के लिए बातचीत की थी। छात्रों ने समस्त अभिलेखों को उक्त व्यक्ति को दे दिए। इसके साथ ही फीस भी उसी व्यक्ति को जमा कर दी गई।

आरोप है कि उक्त व्यक्ति ने कॉलेज प्रशासन को फीस का भुगतान नहीं किया। इस बार में कॉलेज प्रशासन का कहना है कि अप्रैल में ही सभी छात्रों को सूचित किया था कि अपनी फीस का भुगतान करें लेकिन छात्रों ने भुगतान नहीं किया है । अगर उन्होंने उस दलाल को रुपए दिए हैं तो उससे बात करनी चाहिए।

## यमुना एक्सप्रेसवे के पास बना रेड लाइट एरिया, गेस्ट हाउस में पुलिस का छापा

**मथुरा।** मथुरा के राया में पुलिस ने यमुना एक्सप्रेस-वे के समीप चल रहे दो गेस्ट हाउसों में छापा मारकर देह व्यापार के मामले में 13 लोगों को गिरफ्तार किया है। उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर न्यायालय में पेश किया गया। पुलिस इस प्रकरण में शामिल अन्य लोगों की तलाश कर रही है। पुलिस ने सूचना पर इन गेस्ट हाउसों पर छापा मारा था। इस दौरान करीब करीब छह युवतियों और 13 युवकों को पकड़ा था। घटना के संबंध में पुलिस ने श्यामसुंदर निवासी गांव सिरोहा जमुनापार, सुनील कुमार निवासी सिरिया की नगरिया, पवन कुमार निवासी गौसना जमुनापार, मनीष कुमार निवासी गौसना, कौशल निवासी खप्परपुर, कय्यूम निवासी प्रताप नगर जमुनापार, रामनिवास निवासी फिरोजाबाद, नरेश निवासी गौसना, बाबूलाल निवासी लोहवन, अमित कुमार निवासी लोहवन, राजू निवासी गौसना, अजय निवासी गंगा नगला, अमित निवासी रोशन बिहार कॉलोनी यमुनापार को गिरफ्तार कर मुकदमा दर्ज किया है।

## पत्नी से अवैध संबंध का शक, चचेरे भाई को उतारा मौत के घाट

टीएनएफ टुडे, मथुरा।

मथुरा के गोवर्धन रोड स्थित एक फार्महाउस में शनिवार को सगाई समारोह के दौरान युवक ने पत्नी से अवैध संबंध के शक में लाइसेंसी पिस्टल से चचेरे भाई पर एक के बाद एक ताबड़तोड़ पांच गोलियां दाग दीं। सारी गोलियां युवक के सिर में धंस गई, जिससे वह लहूलुहान होकर जमीन पर गिर गया और मौके पर ही उसकी मौत हो गई। गोलियों की आवाज सुनकर कार्यक्रम में अफरा-तफरी मच गई। लोग इधर-उधर भागने लगे। तभी कुछ रिश्तेदारों ने आरोपी युवक को पकड़ के पुलिस के हवाले कर दिया।

पुलिस के अनुसार, नौहझील के गांव पारसौली निवासी प्रधान सुभाष चौधरी की भतीजी रिंकी की सगाई शनिवार को गोवर्धन रोड स्थित एक फार्महाउस में आयोजित की गई थी। शाम छह बजे रिश्तेदार और परिवार वाले एक दूसरे को खुशियां बांट रहे थे। सगाई शुरू होने में कुछ ही समय बाकी था। प्रधान के परिवार के ही पवन चौधरी और गजेंद्र चौधरी भी कार्यक्रम में शामिल हुए थे। दोनों



आपस में चचेरे और तहेरे भाई हैं।

कार्यक्रम के दौरान पवन कुर्सी पर बैठा था और गजेंद्र कुछ सामान लेकर उसके आगे से निकल रहा था। इसी दौरान पवन ने लाइसेंसी पिस्टल से ताबड़तोड़ कई राउंड फायरिंग शुरू कर दी। लगभग 10 फीट दूरी से एक के बाद एक गोली गजेंद्र के सिर और कनपटी में जा धंसीं, जिससे वह जमीन पर गिर गया। मौके पर मौजूद परिजन उसे निजी अस्पताल लेकर गए, लेकिन चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया।

गजेंद्र ठेकेदारी का कार्य करते थे। इधर, अन्य रिश्तेदारों ने पवन को मौके पर ही पकड़ लिया और पिटाई शुरू कर दी। इसके बाद सूचना पर पहुंची पुलिस के हवाले कर दिया। लाइसेंसी पिस्टल भी पुलिस ने बरामद कर ली है। सीओ प्रवीन तिवारी ने बताया प्रारंभिक पूछताछ में आरोपी पवन चौधरी ने बताया कि उसे गजेंद्र पर अपनी पत्नी के साथ अवैध संबंध होने का शक था। इसी संदेह के चलते उसने गोली चलाई थी।

हालांकि पुलिस परिजन की तहरीर के आधार पर आरोपी के खिलाफ हत्या सहित संबंधित धाराओं में प्राथमिकी दर्ज करेगी। फिलहाल सभी पहलुओं की गहनता से जांच की जा रही है और साक्ष्यों के आधार पर आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

## वृंदावनः हर कोई कर रहा पानी का जुगाड़, बूंद-बूंद को तरसे लोग; खाली बर्तनों के साथ किया प्रदर्शन



टीएनएफ टुडे, मथुरा।

वृंदावन के राधा निवास क्षेत्र में पिछले 15 दिनों से पेयजल संकट झेल रहे लोगों का रविवार को धैर्य जवाब दे गया। गोविंद कुंड मार्ग पर स्थानीय लोगों ने नगर निगम के विरोध में खाली बर्तनों के साथ विरोध प्रदर्शन किया। लोगों ने चेतावनी दी है कि यदि समस्या का निदान नहीं हुआ तो वे नगर निगम कार्यालय में जाकर धरना देंगे।

राधा निवास क्षेत्र निवासी लाल सिंह कर्दम ने बताया कि भीषण गर्मी में सर्वाधिक पानी की आवश्यकता होती है। ऐसे में नगर निगम पेयजल आपूर्ति करने में नाकाम साबित हो रहा है। पिछले 15 दिनों से क्षेत्र के लोग समस्या से जूझ रहे हैं। कभी पानी आता भी है तो दूषित होने के कारण पीने योग्य नहीं है।

शाहरुख खान और कानू दास ने कहा कि कई बार नगर निगम कार्यालय में पानी की आपूर्ति न होने और दूषित पानी आने की समस्या बताई गई है, लेकिन अधिकारी अनदेखी कर रहे हैं। लोगों को पीने के लिए पानी खरीदना पड़ रहा है। घर में अन्य जरूरी कार्यों के लिए भी पानी दूर से लाना पड़ रहा है।

लोगों ने चेतावनी दी है कि यदि पेयजल आपूर्ति में सुधार नहीं हुआ तो वे नगर निगम में धरना देंगे। प्रदर्शन करने वालों में कानू दास, अवधेश मिश्रा, विजय कुमार पाठक, अमीन, सकील, समीन, रंजीत, सीमा अग्रवाल, मोहिनी, अन्नो, कमलेश, नीलम, शिवम कर्दम, सजोज, बंटू, जमील खान, वरुण आदि मौजूद रहे।

## डिप्टी सीएमओ डॉ पवन शर्मा नए जिला क्षय रोग अधिकारी नियुक्त



**एटा।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ राजेंद्र प्रसाद ने बताया कि डॉ. सतीश चंद्र नागर जिला क्षय रोग अधिकारी का स्थानांतरण शासन स्तर से सीएमएस के पद पर जनपद बदायूं में हो गया है। उनके स्थान पर डिप्टी सीएमओ डॉक्टर पवन शर्मा को जिला क्षय रोग अधिकारी बनाया गया है। डॉ पवन शर्मा जिला क्षय रोग अधिकारी ने कहा कि राज्य स्तर से दिए गए निर्देश के क्रम में राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत समस्त कार्य समय पर पूर्ण कराए जाएंगे। उन्होंने कहा कि जनपद में 100 दिवसीय टीबी मुक्त भारत अभियान का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें 13 जुलाई 2026 तक उच्च जोखिम वाले ग्रामों में आयुष्मान आरोग्य शिविर लगाए जा रहे हैं। उन्होंने यह भी बताया कि राज्य स्तर से निर्देश प्राप्त होते ही जनपद में उपचार प्राप्त कर रहे समस्त टीबी रोगियों को निक्षय पोषण योजना का लाभ प्रदान कराया जाएगा। उक्त हेतु आवश्यक कार्यवाही करायी जा रही है। ताकि निर्देश प्राप्त होते ही रोगियों को लाभ प्रदान किया जा सके। जिला क्षय रोग अधिकारी, एटा डॉक्टर पवन शर्मा ने कहा कि टीबी चैंपियंस के द्वारा आयोजित हो रही जागरूकता गतिविधियों में भी वृद्धि की जाएगी ताकि जनमानस में टीबी के प्रति जागरूकता लाई जा सके। जिससे लोग अधिक से अधिक संख्या में अपनी टीबी की जांच करा सकें।

## सांड से बचने में तालाब में गिरा युवक, मौत

**मथुरा।** घर से दुकान पर सामान लेने के लिए निकले युवक की तालाब में डूब कर मौत हो गई। एनडीआरएफ अभियान चला कर तालाब से युवक के शव को बरामद किया है। राया क्षेत्र के ही गांव थाना अमर सिंह में रविवार रात एक दर्दनाक हादसे में 28 वर्षीय युवक की तालाब में डूबने से मौत हो गई। युवक घर से दुकान पर सामान लेने गया था। इसी दौरान रास्ते में अचानक एक आवारा सांड सामने आ गया। सांड से बचने के प्रयास में युवक का संतुलन बिगड़ गया और वह पास स्थित तालाब में जा गिरा। मृतक की पहचान हरिओम (28) पुत्र रघुवर, निवासी गांव थाना अमर सिंह के रूप में हुई है। ग्रामीण चिंटू चौधरी के अनुसार, हरिओम रात में दुकान पर सामान लेने गया था। सांड से बचने के लिए वह तेजी से पीछे हटने लगा, लेकिन संतुलन खोने से तालाब में गिर गया। आसपास मौजूद लोगों ने उसे बचाने का प्रयास किया, लेकिन वह गहरे पानी में डूब गया। घटना की सूचना मिलते ही थाना प्रभारी कर्मवीर सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। बचाव और खोज के प्रयासों के तहत फायर ब्रिगेड को मौके पर बुला लिया गया। फायर ब्रिगेड की टीम ने भी काफी देर तक युवक की तलाश की, लेकिन सफलता नहीं मिली। इसके बाद देर रात एनडीआरएफ की टीम को बुलाया गया। तालाब में अत्यधिक कीचड़ और गंदगी होने के कारण रेस्क्यू अभियान काफी चुनौतीपूर्ण रहा। करीब चार घंटे तक चले अभियान के बाद एनडीआरएफ ने युवक का शव तालाब से बाहर निकाला।

## डाइट परिसर से स्कूल चलो अभियान फेज-2 का शुभारंभ

टीएनएफ टुडे, मथुरा।

जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डाइट) मथुरा परिसर में स्कूल चलो अभियान फेज-2 कार्यक्रम का अत्यंत भव्य और गरिमापूर्ण आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बलदेव विधायक पूरन प्रकाश एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला पंचायत अध्यक्ष किशन सिंह उपस्थित रहे। प्रशासनिक नेतृत्व के तौर पर मुख्य विकास अधिकारी (सीडीओ) पूजा गुप्ता एवं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी (बीएसए) रतन कीर्ति ने कार्यक्रम में शिरकत की। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर एवं पुष्प अर्पित कर किया गया। इसके बाद परिषदीय विद्यालय के बच्चों ने अत्यंत सुमधुर कंठ से सरस्वती वंदना और अतिथियों के सम्मान में स्वागत गान प्रस्तुत किया।

कार्यक्रम का सबसे भावुक और प्रेरणादायक क्षण वह था जब मूक-बधिर (बोल और सुन न पाने वाले) बच्चों ने पूरी श्रद्धा के साथ साइन लैंग्वेज (सांकेतिक भाषा) में राष्ट्रगान

### दिव्यांग बच्चों की प्रतिभा देख भावुक हुए अतिथि

प्रस्तुत किया। इसके बाद तीन दिव्यांग बच्चों ने अपनी अद्वितीय कलाकारी से उपस्थित जनसमूह को दांतों तले उंगली दबाने पर मजबूर कर दिया। दृष्टिबाधित (देखने में अक्षम) दो बच्चों ने कीपैड पर तेजी से टाइपिंग करके दिखाई। एक अन्य दिव्यांग बच्चे ने, जिसके हाथ नहीं थे, उसने अपने पैरों से अत्यंत सुंदर लेखन करके दिखाया।

बच्चों के इस अद्भुत दृढ़ संकल्प और हुनर से प्रसन्न होकर विधायक पूरन प्रकाश ने मंच से ही बच्चों को नगद पुरस्कार देकर सम्मानित किया। उन्होंने बच्चों को पुष्पमाला पहनाई और उनके हौसले की जमकर सराहना की। इस रैली की सबसे बड़ी विशेषता यह रही कि मुख्य अतिथि, सीडीओ, बीएसए, सभी खंड शिक्षा अधिकारी (बीईओ), एसआरजी, एआरपी और डीसी (समेकित शिक्षा) ने पूरी रैली में आम शिक्षकों के साथ कदम से कदम मिलाकर पैदल मार्च किया और पूरे जोश के साथ समाज को शिक्षा के प्रति जागरूक किया।

## राज्यपाल आनंदीबेन ने 50 मेधावियों को स्वर्ण पदक से किया सम्मानित

### शिक्षा का वास्तविक उद्देश्य केवल डिग्री प्राप्त करना नहीं, बल्कि समाज और राष्ट्र के प्रति अपने दायित्वों का ईमानदारी से निर्वहन करना है

टीएनएफ टुडे, अलीगढ़।

उ.प्र. की राज्यपाल आनंदीबेन ने राजा महेंद्र प्रताप सिंह विश्वविद्यालय में तीसरे दीक्षांत समारोह में 50 मेधावियों को स्वर्ण पदक से सम्मानित किया। उन्होने स्वर्ण पदक प्राप्त करने वाले सभी छात्र-छात्राओं को बधाई देते हुए कहा कि शिक्षा का वास्तविक उद्देश्य केवल डिग्री प्राप्त करना नहीं, बल्कि समाज और राष्ट्र के प्रति अपने दायित्वों का ईमानदारी से निर्वहन करना है।

यह समारोह राजा महेन्द्र प्रताप सिंह विश्वविद्यालय के शीला गौतम सेंटर फॉर लर्निंग सभागार में आयोजित किया गया। इस दौरान राज्यपाल व कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल ने 50 मेधावियों को स्वर्ण पदक देकर सम्मानित किया, इनमें से 33 स्वर्ण पदक छात्राओं को दिए गए। साथ ही 51 हजार से अधिक विद्यार्थियों के लिए उपाधियां जारी की गईं। इस दौरान साथ में भारतीय राष्ट्रीय विज्ञान अकादमी नई दिल्ली के अध्यक्ष प्रो. शेखर सी मांडे मौजूद रहे।

समारोह में मेधावियों के साथ उनके अभिभावकों और शिक्षकों का उत्साह भी देखते ही बन रहा था। समारोह के मुख्य अतिथि एवं राष्ट्रीय विज्ञान अकादमी के अध्यक्ष प्रो. शेखर सी. मांडे ने अपने प्रेरक संबोधन में कहा कि आज के समय में सफलता की परिभाषा बदल चुकी है। केवल दूसरों से आगे निकलना ही उपलब्धि नहीं है, बल्कि निरंतर सीखते रहना ही एक विद्यार्थी की सबसे बड़ी पहचान और ताकत है। उन्होंने कहा कि जिज्ञासा, नवाचार और सीखने की ललक ही युवाओं को भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार करती है।

प्रो. मांडे ने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे डिग्री को मंजिल नहीं, बल्कि नए सफर की शुरूआत मानें। बदलती तकनीक और तेजी से बदलती दुनिया में वही आगे बढ़ेगा, जो जीवनभर सीखने की आदत बनाए रखेगा। इस अवसर पर राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने स्वर्ण पदक प्राप्त करने वाले सभी छात्र-छात्राओं को बधाई देते हुए कहा कि शिक्षा का वास्तविक उद्देश्य केवल डिग्री प्राप्त करना नहीं, बल्कि समाज और राष्ट्र के प्रति अपने दायित्वों का ईमानदारी से निर्वहन करना है। उन्होंने विद्यार्थियों से ज्ञान, संस्कार और सेवा की भावना के साथ आगे बढ़ने का आह्वान किया।

## पत्नी की हत्या करने के बाद पति फरार

अलीगढ़। जवां थाना क्षेत्र के गांव रफीपुर सिया में उस समय सनसनी फैल गई कि जब एक पति ने अपनी पत्नी की हत्या कर दी। वारदात को अंजाम देने के बाद फरार हो गया। पुलिस के मुताबिक पति-पत्नी के बीच घरेलू विवाद की बात सामने आ रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार सोमवार की सुबह 7 बजे गांव रफीपुर सिया निवासी दिनेश ने अपनी पत्नी की हत्या कर दी है। सूचना पर थाना पुलिस भी पहुंच गई और घर के अंदर घुसी तो महिला का शव मिला। फॉरेंसिक टीम और फील्ड यूनिट को भी मौके पर बुलाया गया। टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण कर आवश्यक साक्ष्य एकत्र किए। वारदात के बाद से आरोपी पति दिनेश फरार है। उसकी तलाश में पुलिस की टीमें संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही हैं।

## डिफेंस कॉरिडोर फेज-2 के लिए भूमि अर्जन प्रक्रिया आगे बढ़ी

टीएनएफ टुडे, अलीगढ़।

जिले में उत्तर प्रदेश एक्सप्रेसवेज औद्योगिक विकास प्राधिकरण द्वारा प्रस्तावित डिफेंस कॉरिडोर फेज-2 परियोजना के अंतर्गत तहसील कोल के ग्राम जलूपुर सिहोर एवं जसरथपुर में क्रय के बाद अवशेष 8.7290 हेक्टेयर भूमि के अर्जन की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है।

अपर जिलाधिकारी प्रशासन सौरभ भट्ट ने बताया कि प्रस्तावित भूमि का अर्जन भूमि अर्जन, पुनर्वासन एवं पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर एवं पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम-2013 के प्रावधानों के अनुरूप किया जा रहा है। अधिनियम एवं सामाजिक प्रभाव आंकलन नियमावली-2016 के तहत सामाजिक प्रभाव आंकलन की प्रक्रिया भी संचालित की जा रही है। उन्होंने बताया कि चयनित एजेंसी द्वारा तैयार की गई सामाजिक प्रभाव आंकलन रिपोर्ट एवं सामाजिक प्रभाव प्रबंधन योजना जनसामान्य के अवलोकन के लिए कार्यालय अपर जिलाधिकारी भू-अर्जन में उपलब्ध रहेगी। इसके साथ ही संबंधित दस्तावेज जिले की आधिकारिक वेबसाइट पर भी उपलब्ध कराए जाएंगे।

अपर जिलाधिकारी प्रशासन सौरभ भट्ट ने ग्राम जलूपुर सिहोर एवं जसरथपुर के सभी कृषकों, भूमिधरों एवं अन्य हितधारकों से अपील की है कि वे प्रस्तावित भूमि अर्जन से संबंधित सामाजिक प्रभाव आंकलन रिपोर्ट का अवलोकन कर आवश्यक जानकारी प्राप्त करें और निर्धारित प्रक्रिया में सहभागिता सुनिश्चित करें।

## जर्मनी में आयोजित अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में एएमयू की शोधार्थी ने शोधपत्र प्रस्तुत किया

टीएनएफ टुडे, अलीगढ़।

अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के अंग्रेजी विभाग की शोधार्थी उम्मे उम्माराह खान जर्मनी के यूनिवर्सिटी ऑफ बामबर्ग में आयोजित अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन ह्यकैप्टिवेटिंग क्रिमिनैलिटी-13ः क्राइम फिक्शन, कॉन्फ्लिक्ट एंड रिप्रेजेंटेशनह्न में शोधपत्र प्रस्तुत किया। इस सम्मेलन का आयोजन इंटरनेशनल क्राइम फिक्शन एसोसिएशन और यूनिवर्सिटी ऑफ बामबर्ग के संयुक्त तत्वावधान में किया गया।

उन्होंने ह्यरीडिंग रेडी प्लेयर वन ऐज क्राइम फिक्शनः कॉर्पोरेट कंट्रोल एंड लीगल फेल्योर इन द मेटावर्सह्न शीर्षक से शोधपत्र प्रस्तुत किया, जिसे हमदा अख्तरुल आरफीन के साथ संयुक्त रूप से तैयार किया गया। हमदा एएमयू की पूर्व छात्रा हैं और वर्तमान में सिम्बायोसिस इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी के विधि विभाग में शोधार्थी हैं। शोधपत्र में लेखक अर्नेस्ट क्लाइन के उपन्यास रेडी प्लेयर वन का अपराध कथा के दृष्टिकोण से विश्लेषण करते हुए मेटावर्स में कॉर्पोरेट नियंत्रण, निगरानी, आर्थिक शोषण और कानूनी जवाबदेही जैसे मुद्दों पर प्रकाश डाला गया। साथ ही, उभरते डिजिटल अपराधों से निपटने में वर्तमान कानूनी व्यवस्था के समक्ष मौजूद चुनौतियों का भी विश्लेषण किया गया।

## ब्रज में गंदगी आस्था के प्रति दर्शा रही है असभ्य आचरणः शैलजाकांत मिश्र

टीएनएफ टुडे, मथुरा।



हम सबने यह ठाना है, ब्रज को स्वच्छ बनाना है महाअभियान के तहत फॉलोअप कार्यशाला का आयोजन किया। इसमें उद्यमियों, व्यापारियों और स्वयंसेवकों ने स्वच्छ ब्रज के लिए अपने महत्वपूर्ण सुझाव रखे।

अध्यक्षता करते हुए उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद के उपाध्यक्ष शैलजाकांत मिश्र ने कहा कि ब्रज भगवान श्रीकृष्ण और राधारानी की पावन घर है। यहां गंदगी फैलाना केवल अस्वच्छता नहीं, बल्कि आस्था के प्रति असभ्य आचरण है। उन्होंने कहा कि मथुरा को देश और प्रदेश के सामने स्वच्छता का आदर्श प्रस्तुत करने का सुनहरा अवसर मिला है। वर्ष 2017 में मुख्यमंत्री के मथुरा आगमन के समय शहर की स्वच्छता रैंकिंग 512वीं थी। लगातार प्रयासों से वर्ष 2019 में यह 129वें स्थान पर पहुंची और मथुरा को देश में सबसे तेज सुधार करने वाले शहर के रूप में सम्मानित किया गया। इसके बाद शहर ने 60वीं, 55वीं और 35वीं रैंक हासिल की तथा वर्तमान श्रेणीगत व्यवस्था में 11वां स्थान प्राप्त किया है। उन्होंने इसे बेहतर नहीं माना। कहा कि लगभग 27 लाख की आबादी वाले जनपद में प्रतिवर्ष करीब 10 करोड़ श्रद्धालु और पर्यटक आते हैं। ऐसे में ब्रज में ऐसा स्वच्छता संस्कार विकसित करना होगा कि बाहर से आने वाले लोग भी गंदगी फैलाने से स्वयं परहेज करें। इसके लिए जनसहभागिता और सामाजिक जागरूकता सबसे बड़ा माध्यम है।

उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद की मुख्य कार्यपालक अधिकारी लक्ष्मी नागप्पन ने कहा कि स्वच्छ ब्रज अभियान को सफल बनाने के लिए प्रत्येक व्यक्ति को अपने क्षेत्र में नेतृत्व की जिम्मेदारी निभानी होगी। उन्होंने कहा कि छोटे-छोटे व्यवहारिक बदलाव ही बड़े सामाजिक परिवर्तन की नींव बनते हैं।

उद्यमियों और समाजसेवियों के सुझावों पर नगर आयुक्त जग

### 500 टन कूड़ा उठा रही है मथुरा वृंदावन नगर निगम प्रतिदिन : जग प्रवेश

प्रवेश ने बताया कि मथुरा-वृंदावन नगर निगम ने पिछले एक वर्ष में सफाई व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए सफाईकर्मियों की संख्या में लगभग 50 प्रतिशत वृद्धि की है। वर्ष 2023 में जहां प्रतिदिन 180 से 190 टन कूड़ा उठाया जाता था, वहीं अब यह बढ़कर 500 टन से अधिक हो गया है। उन्होंने बताया कि 24 प्रमुख व्यावसायिक क्षेत्रों में दो पालियों तथा श्रीकृष्ण जन्मस्थान जैसे अत्यधिक भीड़ वाले स्थलों पर तीन पालियों में नियमित सफाई कराई जा रही है।

उन्होंने कहा कि गंदगी फैलाना हमारी आदत बन गई है, जिसे सामूहिक प्रयास से बदलना होगा। नगर आयुक्त ने बताया कि भंडारों के आयोजन के लिए मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) तैयार की गई है और इसका उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। साथ ही मथुरा-वृंदावन के ड्रेनेज मास्टर प्लान पर भी कार्य किया जा रहा है।

संचालन परिषद के अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी राजीव पाण्डेय, पर्यावरण सलाहाकार मुकेश शर्मा, डिप्टी सीईओ सतीश चंद्र, अपर नगर आयुक्त अनिल कुमार सहित आदि मौजूद रहे।

## छटीकरा में गलियों में भरा पानी, बरसात में बिगडेंगे हालात

**छटीकरा।** अभी तो बरसात भी शुरू नहीं हुए हैं। गांव में हर समय गंदा पानी भरा रहता है। ग्राम पंचायत छटीकरा में पानी का निकास नहीं है। गांव के लोगों का कहना है कि हम अधिकारियों से बात करते हैं तो वह कह देते हैं वह एनएचआई से बात करें। जब एनएचएआई के अधिकारियों से बात करते हैं तो वह कहते हैं। जिला प्रशासन के अधिकारियों से बात करे। ग्राम पंचायत ने भी हाथ खडे कर दिये हैं। अभी तक एनएच 19 के सर्विस रोड पर जलभराव की समस्या का समाधान नहीं हो पाया है। हर समय गांव की गलियों में गंदा पानी भरा रहता है। बिना बारिश के भी हर समय पूरे गांव में गंदे पानी का भराव रहता है। ग्रामीणों का कहना है कि जब बारिश शुरू हो जाएगी तो गंदा पानी घर में घुसने लगता है। बीमारियों का खतरा हर समय बना रहता है। नेता आते हैं और आश्वासन देकर चले जाते हैं लेकिन काम नहीं होता है। ग्रामीण हर दर पर दस्तक दे कर थक गये हैं। ग्रामीणों ने अपने स्तर से भी कई बार इस समस्या के समाधान का प्रयास किया है लेकिन वह समस्या का हल निकालने में असफल ही रहे हैं। यह मुद्दे गामीण सोशल मीडिया पर भी जोरशोर से उठा रहे हैं। गोविंद शर्मा ने सोशल मीडिया पर कमेंट किया, हर बारिश में छटीकरा की गलियों और सड़कों पर पानी भर जाता है। लोगों का घरों से निकलना मुश्किल हो जाता है, बच्चे स्कूल नहीं जा पाते, दुकानदारों का काम प्रभावित होता है और गंदे पानी से डेंगू, मलेरिया जैसी बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। हर बारिश में छटीकरा की गलियों और सड़कों पर पानी भर जाता है। लोगों का घरों से निकलना मुश्किल हो जाता है, बच्चे स्कूल नहीं जा पाते, दुकानदारों का काम प्रभावित होता है और गंदे पानी से डेंगू, मलेरिया जैसी बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है।

## लघु उद्योग भारती ने पेड़ रोप दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

**मथुरा।** डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती पर लघु उद्योग भारती द्वारा एक पेड़ राष्ट्र के नाम अभियान के अंतर्गत श्रीजी बाबा सरस्वती विद्या मंदिर गोवर्धन रोड पर वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

मुख्य अतिथि डीएफओ वेंकट श्रीकर ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति यदि अपने जीवन में कम से कम एक पौधा लगाकर उसका संरक्षण करे, तो पर्यावरण संतुलन बनाए रखने में महत्वपूर्ण योगदान दिया जा सकता है। भाजपा महानगर अध्यक्ष हरीशंकर उर्फ राजू यादव ने कहा कि एक पेड़ राष्ट्र के नाम अभियान समाज को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करने की प्रेरणादायी पहल है और ऐसे कार्यक्रमों में सभी नागरिकों को बढ़ चढ़कर भाग लेना चाहिए। लघु उद्योग भारती के जिलाध्यक्ष अंकित बंसल, महामंत्री विशाल बंसल, कोषाध्यक्ष संजीव अग्रवाल सीए , अभिषेक वशिष्ठ एवं भाजपा मंडल अध्यक्ष हाकिम सिंह टीटू ने पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया तथा सभी उपस्थित जनों से अधिक से अधिक पौधे लगाने एवं उनके संरक्षण का संकल्प लेने का आह्वान किया। हरित भारत इस अवसर पर महानगर महामंत्री ज्ञानेंद्र राणा, उपाध्यक्ष ललित गौतम एवं उप प्रधानाचार्य प्रेमशंकर आदि उपस्थित रहे।

## यमुना पूजन कर समाज सेवा का लिया संकल्प

**मथुरा।** श्री माथुर चतुर्वेद परिषद के सभी नवीन पदाधिकारियों ने मुख्य संरक्षक महेश पाठक जी की उपस्थिति में यमुना पूजन कर संकल्प लिया कि हम समाज सेवा पूर्ण मेहनत ईमानदारी और लगन से करेंगे। सांयकाल चार बजे विधि विधान के साथ नवनिर्वाचित पदाधिकारी अध्यक्ष राजन पाठक उपाध्यक्ष योगेन्द्र चतुर्वेदी कमल चतुर्वेदी महामंत्री संजय चतुर्वेदी एल्पाइन कोषाध्यक्ष नीरज चतुर्वेदी मंत्री संजय चतुर्वेदी हरदेव चतुर्वेदी श्याम मोनू और अनिल चतुर्वेदी पमपम व निरीक्षक आशीष चतुर्वेदी में संयुक्त रूप से यमुना पूजन किया यमुना पूजन के बाद संकल्प लिया कर तीन वर्ष तक समाज सेवा ईमानदारी से करेंगे इसके साथ ही उपस्थित विभिन्न संगठनों द्वारा अध्यक्ष राजन पाठक का स्वागत किया गया और स्वागत में चांदी का मुकुट पहनाया गया। इस अवसर पर गिरधारी लाल पाठक, नवीन नागर, राकेश तिवारी एडवोकेट, रंजीत पाठक, अनीता महेश पाठक, प्रवीन चतुर्वेदी, संजीव चतुर्वेदी एडवोकेट, उमेंद्र चतुर्वेदी एवं अनेक सामाजिक बंधु, प्रतिष्ठित जनमानस उपस्थित था। यमुना मैया के जयकारों के साथ यमुना पूजन आचार्य माखनलाल चतुर्वेदी एवं बल्लभ पंडित द्वारा संपन्न कराया गया।

# जिम्बाब्वे के खिलाफ टी20 सीरीज के लिए भारतीय टीम घोषित, सैमसन बाहर

एजेंसी, नई दिल्ली।

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने जिम्बाब्वे के खिलाफ होने वाली टी20 सीरीज के लिए भारतीय टीम का एलान कर दिया है। टीम की कमान श्रेयस अय्यर के ही हाथ में है। दिलचस्प बात यह है कि इस टीम में संजू सैमसन को मौका नहीं मिला है। वहीं, युवा सलामी बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी टीम में शामिल हैं। दोनों टीमों के बीच तीन टी20 मैचों की सीरीज 23 जुलाई से खेली जाएगी।




### वैभव सूर्यवंशी ने बरकरार रखी जगह

जिम्बाब्वे के खिलाफ सीरीज के लिए भारतीय टीम में युवा खिलाड़ियों को मौका दिया गया है। वहीं, वैभव सूर्यवंशी आयरलैंड और इंग्लैंड के बाद जिम्बाब्वे के खिलाफ सीरीज के लिए भी टीम में जगह बनाने में सफल रहे हैं। पंजाब किंग्स के सलामी बल्लेबाज प्रभसिमरन सिंह को भी इस सीरीज के लिए चुना गया है, जबकि तिलक वर्मा उपकप्तान बने रहेंगे। वहीं, ईशान किशन, रिंकू सिंह और शिवम दुबे का नाम भी टीम में है।

### रिंकू की वापसी, कई खिलाड़ियों को आराम

जिम्बाब्वे के खिलाफ टी20 सीरीज के लिए कई खिलाड़ियों को आराम दिया गया है। वहीं, विस्फोटक बल्लेबाज रिंकू सिंह की टीम में वापसी हुई है। रिंकू सिंह टी20 विश्व कप 2026 की टीम में शामिल थे, लेकिन उन्हें आयरलैंड और इंग्लैंड के खिलाफ टी20 सीरीज के लिए मौका नहीं मिला था। अब रिंकू जिम्बाब्वे दौरे पर जाएंगे। तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह, हर्षित राणा और प्रसिद्ध कृष्णा को आराम दिया गया है। इनकी जगह प्रिंस यादव, अशोक शर्मा और मयंक यादव को मौका मिला है। इतना ही नहीं, अक्षर पटेल भी जिम्बाब्वे दौरे पर नहीं जाएंगे। सूर्यांश शेडगे, हर्ष दुबे और वरुण चक्रवर्ती को टीम में जगह मिली है।

### इंग्लैंड के खिलाफ वनडे टीम में बदलाव

बीसीसीआई की चयन समिति ने इंग्लैंड के खिलाफ वनडे सीरीज के लिए भी टीम में बदलाव किया है। चोटिल नीतीश कुमार रेड्डी की जगह ऑलराउंडर शिवम दुबे को टीम में शामिल किया गया है। नीतीश कुछ समय से चोट के कारण भारतीय टीम से बाहर हैं और उम्मीद की जा रही थी कि वह इंग्लैंड के खिलाफ वनडे सीरीज में खेलते नजर आएंगे। लेकिन वह समय से फिट नहीं हो सके जिस कारण उन्हें सीरीज से बाहर करना पड़ा है।

**जिम्बाब्वे दौरे के लिए भारत की टी20 टीम:** श्रेयस अय्यर (कप्तान), वैभव सूर्यवंशी, अभिषेक शर्मा, तिलक वर्मा (उपकप्तान), ईशान किशन (विकेटकीपर), शिवम दुबे, सूर्यांश शेडगे, रिंकू सिंह, हर्ष दुबे, वरुण चक्रवर्ती, प्रिंस यादव, यश ठाकुर, अशोक शर्मा, मयंक यादव और प्रभसिमरन सिंह (विकेटकीपर)।

### अंडर-20 एशियन रेसलिंग चैंपियनशिप: कुल 20 मेडल के साथ भारत का अभियान समाप्त

**पटाया।** थाईलैंड के पटाया में आयोजित अंडर-20 एशियन रेसलिंग चैंपियनशिप में भारतीय पहलवानों ने 20 मेडल जीते। इनमें 4 गोल्ड, 7 सिल्वर और 9 ब्रॉन्ज शामिल हैं। भारतीय पहलवानों ने चैंपियनशिप के दौरान अलग-अलग वेट कैटेगरी में लगातार पोडियम पर जगह बनाई और महिला रेसलिंग और पुरुष फ्रीस्टाइल, दोनों में टॉप-3 टीम रैंकिंग हासिल की। रविवार को खत्म हुए इस इवेंट की महिला रेसलिंग प्रतियोगिता में भारत ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 184 प्वाइंट्स के साथ दूसरा स्थान हासिल किया। भारत चैंपियन चीन (189 प्वाइंट्स) से थोड़ा पीछे रहा, लेकिन तीसरे स्थान पर रहे जापान (142 प्वाइंट्स) को काफी पीछे छोड़ दिया। वहीं, भारतीय पुरुष फ्रीस्टाइल टीम 152 प्वाइंट्स के साथ टीम स्टैंडिंग में तीसरे स्थान पर रही; उनसे आगे विजेता कजाकिस्तान (170 प्वाइंट्स) और रनर-अप ईरान (164 प्वाइंट्स) रहे। महिला प्रतियोगिता में अपनी बेहतरीन क्षमता और निरंतरता दिखाते हुए, भारतीय टीम ने 90 प्रतिशत पोडियम कन्वर्जन रेट हासिल किया।

# 'लो स्कोरिंग' मैच में जिम्बाब्वे ने बांग्लादेश को 25 रन से हराया, सीरीज में 1-0 से लीड

एजेंसी, हरारे।





जिम्बाब्वे ने बांग्लादेश के खिलाफ हरारे स्पोर्ट्स क्लब में खेले गए वनडे सीरीज के पहले मैच में 25 रन से जीत दर्ज की। इसी के साथ मेजबान टीम ने तीन मुकाबलों की सीरीज में 1-0 से बढ़त हासिल कर ली है। सोमवार को हरारे में खेले गए मुकाबले में टॉस गंवाकर बल्लेबाजी करने उतरी जिम्बाब्वे की टीम महज 36.4 ओवरों में 141 रन पर सिमट गई। इस टीम को 36 के स्कोर पर बेन करन (18) के रूप में पहला झटका लगा। इसी स्कोर पर ब्रायन बेनेट (17) भी चलते बने। 7 ओवरों में दोनों सलामी बल्लेबाजों के विकेट गंवाने के बाद विकेटों का पतझड़ लग गया। आलम ये रहा कि टीम ने 70 के स्कोर तक अपने 8 विकेट खो दिए थे। यहां से रिचर्ड नगारवा ने न्यूमैन न्याम्हुरी के साथ 9वें विकेट के लिए 81 गेंदों में 63 रन की साझेदारी करते हुए टीम को शतक के पार पहुंचा दिया।

न्यूमैन न्याम्हुरी ने 5 चौकों के साथ 33 रन की पारी खेली, जबकि कप्तान रिचर्ड नगारवा ने 27 रन जुटाए। इनके अलावा, इनोसेंट काइया ने 26 रन का योगदान दिया। बांग्लादेश की तरफ से नाहिद राणा ने 10 ओवरों में 21 रन देकर 6 विकेट निकाले। इनके अलावा, तस्कीन अहमद ने 2 विकेट हासिल किए। एक विकेट मेहदी हसन के हाथ लगा।


इसके जवाब में बांग्लादेशी टीम 33.1 ओवरों में 116 रन पर सिमट गई। इस टीम ने 17 के स्कोर तक अपने 3 विकेट खो दिए थे। यहां से तौहीद हिरदॉय ने नुरुल हसन के साथ चौथे विकेट के लिए 88 गेंदों में 49 रन की साझेदारी करते हुए बांग्लादेश को संभालने की कोशिश की, लेकिन इस जोड़ी के टूटने के बाद टीम बिखर गई।

तौहीद 1 चौके के साथ 25 रन बनाकर आउट हुए, जबकि नुरुल ने 44 गेंदों में 1 छक्के और 3 चौकों के साथ 31 रन की पारी खेली। कप्तान मेहदी हसन ने 10 रन का योगदान टीम के खाते में दिया। इनके अलावा, कोई अन्य बल्लेबाज दहाई के आंकड़े को नहीं छू सका। मेजबान टीम की तरफ से रिचर्ड नगारवा और ब्रेड इवांस ने 3-3 विकेट निकाले। ब्लेसिंग मुजरबानी और न्यूमैन न्याम्हुरी ने 1-1 शिकार किया।

जिम्बबावे ने हाल ही में बांग्लादेश के खिलाफ एकमात्र टेस्ट मैच पारी और 85 रन से अपने नाम किया था। अब वनडे सीरीज के शेष मुकाबले 9 और 11 जुलाई को इसी मैदान पर खेले जाने हैं, जिसके बाद 15-19 जुलाई के बीच तीन टी20 मुकाबलों की सीरीज का आयोजन होगा।



## मनोरंजन



# टेलर स्विफ्ट और ट्रैविस केल्स की शादी में चमकीं सेलेना गोमेज, साझा की खूबसूरत तस्वीरें

हॉलीवुड स्टार टेलर स्विफ्ट और ट्रैविस केल्स की शादी की रस्मों में सेलेना गोमेज भी शामिल हुईं। जिसकी तस्वीरें उन्होंने कुछ ही देर पहले सोशल मीडिया पर साझा कर फैंस का दिल जीत लिया है।

हॉलीवुड जगत की सबसे चर्चित शादियों में से एक, पॉप स्टार टेलर स्विफ्ट और अमेरिकी फुटबॉलर ट्रैविस केल्स की शादी 3 जुलाई को न्यूयॉर्क के प्रसिद्ध मैडिसन स्क्वायर गार्डन में धूमधाम से संपन्न हुई। इस भव्य आयोजन में टेलर स्विफ्ट की लगभग 18 साल पुरानी और बेहद करीबी दोस्त सेलेना गोमेज मुख्य आकर्षण का केंद्र रहीं, जो शादी में टेलर की ब्राइड्समेड बनी थीं।

### सेलेना गोमेज का खूबसूरत लुक

सेलेना गोमेज ने अपनी दोस्त टेलर स्विफ्ट की शादी के कार्यक्रमों के दौरान प्रसिद्ध फैशन ब्रांड ऑस्कर डे ला रेंटा की दो खूबसूरत ड्रेस पहनीं। रिहर्सल डिनर के मौके पर उन्होंने काले रंग का स्लीवलेस गाउन और डिजाइनर जूते पहने।

शादी के दिन के लिए सेलेना ने इसी ब्रांड के कलेक्शन से शैम्पेन रंग का एक चमकीला गाउन पहना, जिस पर मोतियों और क्रिस्टल की खूबसूरत नक्काशी की गई है। इसके साथ उन्होंने ओल्ड हॉलीवुड स्टाइल हेयरकट और हल्का मेकअप रखा था। जिसकी तस्वीरें सेलेना ने आज अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर साझा की हैं।

### टेलर और सेलेना की दोस्ती

टेलर और सेलेना दोनों ने ही एक-दूसरे की शादियों में मेहमानों के लिए 'शैम्पेन रंग' की थीम को चुना। इससे पहले साल 2025 में संगीतकार बेनी ब्लैंको के साथ हुई सेलेना की शादी में टेलर स्विफ्ट भी ब्राइड्समेड बनी थीं।

### सितारों से सजी महफिल

इस शादी को यादगार बनाने के लिए मनोरंजन और संगीत जगत के कई बड़े सितारे पहुंचे। मशहूर अभिनेता एडम सैंडलर ने शादी की रस्मों का संचालन किया। मेहमानों की लिस्ट काफी लंबी है। टेलर की शादी में गिगी हदीद और ब्रैडली कूपर, एड शीरन औक चेरी सीबॉर्न, बेनी ब्लैंको और सेलेना गोमेज, जिमी फॉलन, डकोटा जॉनसन और ह्यूग ग्रांट जैसे कई सितारे शामिल हुए।

### टेलर स्विफ्ट की ट्रैविस की शादी

टेलर स्विफ्ट और ट्रैविस केल्स ने 26 अगस्त, 2025 को सोशल मीडिया पर एक खूबसूरत बगीचे की तस्वीरें साझा कर अपनी सगाई की घोषणा की थी। फिलहाल, इस नवविवाहित जोड़े ने अपनी शादी की आधिकारिक तस्वीरें साझा नहीं की हैं।



# ठंडी पड़ी 'कॉकटेल 2' की कमाई, वीकएंड के बाद 'वेलकम टू द जंगल' की भी कमाई में गिरावट

अक्षय कुमार की 'वेलकम टू द जंगल' 26 जून को रिलीज हुई थी। वहीं शाहिद कपूर की फिल्म 'कॉकटेल 2' 19 जून को रिलीज हुई थी। जानिए इन फिल्मों ने आज सोमवार को कितना कलेक्शन किया है। आलिया भट्ट की हाल ही रिलीज 'अल्फा' और हुमा कुरैशी की 'बेबी डू डाई डू' के बीच 'वेलकम टू द जंगल' और 'कॉकटेल 2' भी सिनेमाघरों में लगी हुई है। जानिए इन फिल्मों ने आज सोमवार को कितनी कमाई की है।

'वेलकम टू द जंगल' का बॉक्स ऑफिस कलेक्शन

वीकएंड पर शानदार कमाई के बाद सोमवार को 'वेलकम टू द जंगल' की कमाई में भारी गिरावट देखने को मिली है। फिल्म ने कल रविवार को 9.75 करोड़ का कलेक्शन किया था। वहीं कल के मुकाबले आज इसकी कमाई काफी कम हुई है। सोमवार को 'वेलकम टू द जंगलस ने 1.62 करोड़ का कलेक्शन किया है। इसके साथ फिल्म का टोटल कलेक्शन 116.52 करोड़ का हो गया है।

### 'कॉकटेल 2' का बॉक्स ऑफिस कलेक्शन

'कॉकटेल 2' की कमाई अब धीरे-धीरे कम होती जा रही है।




वीकएंड का भी ये फिल्म ज्यादा फायदा नहीं उठा पाई। वहीं आज इसने महज 24 लाख का कलेक्शन किया है। इसके साथ फिल्म का टोटल कलेक्शन 92.79 करोड़ हो गया है। फिल्म के लिए अब 100 करोड़ का आंकड़ा पार करना मुश्किल नजर आ रहा है।

### मल्टीस्टारर फिल्म है 'वेलकम टू द जंगल'

'वेलकम टू द जंगल' एक मल्टीस्टारर कॉमेडी फिल्म है। अहमद खान निर्देशित इस फिल्म में अक्षय कुमार, सुनील शेट्टी, परेश रावल, अरशद वारसी, जैकी श्रॉफ, जॉनी लीवर, राजपाल यादव, दिशा पाटनी, जैकलीन फर्नांडिस, रवीना टंडन, लारा दत्ता, फरीदा जलाल के अलावा कई चर्चित एक्टर्स भी नजर आए हैं।

# बेटे के नजरिए से चुनती हूं फिल्मः काजल अग्रवाल



काजल अग्रवाल के लिए यह साल काफी व्यस्त रहने वाला है। इस महीने उनकी फिल्म 'द इंडिया स्टोरी' रिलीज होने जा रही है, जिसमें वह श्रेयस तलपड़े के साथ नजर आएंगी। वहीं दिवाली पर नितेश तिवारी की 'रामायणः पार्ट 1' भी रिलीज होगी। काम में व्यस्त रहने के बावजूद काजल कहती हैं कि अब वह बहुत सोच-समझकर फिल्में चुनती हैं, खासकर मां बनने के बाद उनकी सोच पूरी तरह बदल गई है।

### मैं चाहती हूं कि मेरा बेटा मुझ पर गर्व करे

एक इंटरव्यू में काजल अग्रवाल ने घर और काम को लेकर बात करते हुए कहा, ''शादी और बच्चे के बाद जिम्मेदारी बहुत बढ़ जाती है। अब जब मैं कोई प्रोजेक्ट चुनती हूं, तो अपने बच्चे के नजरिए से सोचती हूं। मैं चाहती हूं कि मेरा बेटा मुझ पर गर्व करे। वह मेरी फिल्म देखे और कहे कि यह मेरी मां का काम है और यह बहुत अच्छा है। इसलिए अब मैं ज्यादा जिम्मेदारी और समझदारी के साथ फैसले लेती हूं।''

### मेरा बेटा रामायण का बहुत बड़ा फैन

इसी वजह से 'रामायण' को लेकर उनकी एक्साइटमेंट भी काफी ज्यादा है। फिल्म को लेकर उन्होंने कहा, ''मेरा बेटा रामायण का बहुत बड़ा फैन है। वह रोज घर पर रामलीला करता है और किरदार निभाता है। जब मैंने उसे बताया कि मैं इस फिल्म का हिस्सा हूं, तो वह बहुत खुश हो गया।

मजेदार बात यह है कि उसका फेवरेट किरदार रावण है और मैं फिल्म में उसकी पत्नी मंदोदरी का रोल निभा रही हूं। जब 'रामायण' का पार्ट 2 आएगा, तब वह लगभग 5 साल का होगा और मैंने उससे कहा है कि वह अपनी पहली फिल्म थिएटर में देखेगा।''

# आगरा कैंट में अंत्योदय की अलख जगाने वाली जनविश्वास की प्रतीक 'ज्योति दीदी' ज्योति सिंह

### आगरा कैंट की बस्तियों में पिछले दो दशकों से अंत्योदय की अलख जगाने वाली 'ज्योति दीदी' के संघर्ष की पूरी कहानी

जब समाज सेवा का संकल्प केवल किसी पद या प्रचार की लालसा से मुक्त होकर सीधे जनता के दिलों से जुड़ जाता है तो वह एक ऐसा मूक नेतृत्व तैयार करता है जो समूचे क्षेत्र का सिरमौर बन जाता है। आगरा कैंट विधानसभा क्षेत्र की पावन और ऐतिहासिक धरा पर पिछले लगभग दो दशकों से महिलाओं किशोरियों और वंचित समुदायों के बीच लगातार सक्रिय रहने वाली ज्योति सिंह आज इसी निस्वार्थ जनसेवा का सबसे सुंदर उदाहरण हैं। आगरा कैंट के अनेक मोहल्लों और बस्तियों में लोग उन्हें केवल एक सामाजिक कार्यकर्ता के रूप में नहीं देखते बल्कि आदर और गहरे अपनत्व के साथ उन्हें "ज्योति दीदी" कहकर पुकारते हैं जो उनकी विश्वसनीयता और बहनापे का सबसे बड़ा प्रमाण है। उच्च शिक्षित होने के बाद भी अपनी जन्मभूमि को ही अपनी कर्मभूमि बनाकर समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति की गरिमा को बहाल करना ही उनके जीवन का एकमात्र परम लक्ष्य बन चुका है।

#### उच्च शिक्षा नीतिगत समझ और अंतरराष्ट्रीय मंचों पर प्रखर सहभागिता का अनूठा संगम

ज्योति दीदी केवल जमीनी स्तर पर ही सक्रिय नहीं हैं बल्कि वे नीतिगत मामलों और आधुनिक सामाजिक नवाचारों की भी गहरी समझ रखती हैं। उन्होंने समाज कार्य में स्नातकोत्तर यानी एमएसडब्ल्यू की उच्च उपाधि प्राप्त की है और लोक नीति में भी विशिष्ट प्रमाण पत्र अर्जित किया है। इसी उच्च शैक्षणिक योग्यता और

### यूएन विमेन शी लीड्स फेलोशिप से लेकर 45 डिग्री की भीषण गर्मी में जनभागीदारी का अनूठा मॉडल पेश करने वाली ज्योति सिंह का विजन

#### बदलाव की नई पहचान

समाज के प्रति समर्पण की वजह से उन्हें लखनऊ में आयोजित प्रतिष्ठित संयुक्त राष्ट्र महिला यानी यूएन विमेन समर्थित शी लीड्स फेलोशिप 2026 में सहभागिता करने का गौरवमयी अवसर प्राप्त हुआ। उनका यह विशिष्ट अनुभव यह सिद्ध करता है कि वे समस्याओं को केवल सतही तौर पर नहीं देखतीं बल्कि व्यवस्था और समाज के बीच एक मजबूत सेतु बनकर सरकारी योजनाओं और नीतियों का लाभ सम्मान के साथ अंतिम व्यक्ति तक पहुँचाने का भगीरथ प्रयास करती हैं।

#### स्माइली डेज की स्वास्थ्य क्रांति और भीषण गर्मी में जनभागीदारी का अद्भुत ऐतिहासिक मॉडल

वर्ष 2016 में ज्योति दीदी के कुशल नेतृत्व में शुरू हुई "स्माइली डेजः विमेन्स हेल्थ एंड डिग्निटी मॉडल" नामक सामाजिक पहल ने पूरे आगरा क्षेत्र में महिलाओं के स्वास्थ्य और आत्मसम्मान की एक नई परिभाषा लिखी है। इस अभियान के माध्यम से

### - स्माइली डेज की स्वास्थ्य क्रांतिः जानिए कैसे हजारों महिलाओं और बालिकाओं के लिए भरोसे और गरिमा का पर्याय बनीं ज्योति दीदी



ज्योति सिंह
वेबसाइट: www.iamjyotisingh.com

अब तक दो हजार से अधिक सामुदायिक सत्र आयोजित किए जा चुके हैं और दो लाख से अधिक सैनिटरी पैड वितरित कर महिलाओं को गंभीर बीमारियों से बचाने का ऐतिहासिक कार्य हुआ है। इसके साथ ही लगभग एक हजार बालिकाओं को अपनी शिक्षा को निरंतर जारी रखने में अमूल्य सहयोग मिला है। उनकी इसी जमीनी लोकप्रियता का जीवंत उदाहरण अंतरराष्ट्रीय मासिक धर्म स्वच्छता सप्ताह 2026 के दौरान तब देखने को मिला जब करीब 45 डिग्री की तपती भीषण गर्मी और लू के थपेड़ों के बावजूद आगरा कैंट के विभिन्न वार्डों में आयोजित क्लस्टर बैठकों में 550 से अधिक महिलाओं और किशोरियों ने अपनी सक्रिय उपस्थिति दर्ज कराई जो ज्योति दीदी के प्रति उनके अटूट विश्वास को दर्शाता है।

#### अंतरराष्ट्रीय सम्मानों से सुशोभित लाभार्थी से नेतृत्वकर्ता बनाने

### भारत एक्सीलेंस पुरस्कार से सम्मानित समाज और व्यवस्था के बीच एक मजबूत सेतु बनकर काम करने वाली प्रेरक महिला समाजसेवी

#### का अनुपम विजन

ज्योति दीदी के इस अतुलनीय सामाजिक और मानवीय योगदान को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी व्यापक सराहना मिली है। उन्हें वर्ष 2012 में भारत एक्सीलेंस पुरस्कार, वर्ष 2018 में अंतरराष्ट्रीय महिला सम्मान पुरस्कार सहित कई अत्यंत प्रतिष्ठित पुरस्कारों से सुशोभित किया जा चुका है। परंतु उनके सहयोगियों का मानना है कि उनके लिए असली पुरस्कार इन पुरस्कारों की चमक नहीं बल्कि उन असहाय महिलाओं के चेहरों की मुस्कान है जो कभी अपनी समस्याओं पर बात करने में संकोच करती थीं और आज ज्योति दीदी की प्रेरणा से स्वयं समाज में जागरूकता फैलाने वाली प्रखर नेतृत्वकर्ता बन चुकी हैं। विकसित भारत के निर्माण में नारी शक्ति को परिवर्तन की अग्रदूत बनाकर अंत्योदय के सपने को साकार करने वाली ज्योति दीदी आज वास्तव में आगरा कैंट की एक अत्यंत विशिष्ट और प्रेरक जननेता बनकर उभरी हैं।

#### वेबसाइट पर ज्योति दीदी का संघर्ष

ज्योति दीदी की लगभग दो दशकों की प्रेरक सामाजिक यात्रा, जमीनी पहल, विचार और समुदाय के साथ किए गए सतत प्रयासों को जानने तथा उनसे जुड़ने के लिए उनकी आधिकारिक वेबसाइट पर विस्तृत रूप से देख सकते हैं। उनकी वेबसाइट है www.iamjy-otisingh.com है।

**नोट-** सियासी सूरमा कॉलम में हम उन व्यक्तित्वों की कहानी प्रकाशित करते हैं जिनके पास 10 सालों का सक्रिय राजनीतिक अनुभव है और संगठन के प्रति अटूट निष्ठा है। अगर आप भी खुद को मानते हैं सियासी सूरमा, तो अपनी कहानी हमें हमारे व्हाट्सएप नबंर 9412359817 पर भेजें।